BENGALURU
22 दिसम्बर 2023 से 6 जनवरी 2024
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड

# यूनिफॉर्म के प्रतिष्ठित ब्राण्ड वालजी ग्रुप को 'कौन बनेगा करोड़पति' शो में किया आमंत्रित

**मुंबई/** यूनिफॉर्म फैब्रिक में प्रतिष्ठित एवं विश्वसनीय ब्राण्ड वालजी ग्रुप को सोनी टीवी के प्रतिष्ठित शो 'कौन बनेगा करोड़पति' (केबीसी) में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। जहाँ सुपर स्टार एवं सदी के महानायक श्री अमिताभ बच्चन ने वालजी ग्रुप के डायरेक्टर श्री किशोर कोठारी, श्री संजय कोठारी एवं श्री रणजीत कोठारी का गर्मजोशी से स्वागत किया। कंपनी के डायरेक्टर श्री कोठारी बंधुओं ने श्री बच्चन को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और स्कूल एवं कॉर्पोरेट यूनिफॉर्म के उत्पादों का किट भी भेंट किया।

श्री कोठारी ने श्री बच्चन को बताया कि वालजी यूनिफॉर्म फैब्रिक में देश का अग्रणी ब्राण्ड है जो वर्तमान में देश के बच्चों द्वारा पहनी जाने वाली यूनिफॉर्म फैब्रिक की सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी का उत्पादन करती है। साथ ही स्कूल यूनिफॉर्म की श्रेष्ठ क्वालिटी का उत्पादन कर भारत की तमाम मंडियों को सप्लाई करने में अग्रणी है। वालजी ग्रुप हर क्षेत्र के लिए यूनिफॉर्म का निर्माण भी करती है। इस बात से प्रभावित होकर श्री बच्चन ने कोठारी बंधुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।



शो के होस्ट सदी के महानायक श्री अमिताभ बच्चन ने किया गर्मजोशी से स्वागत

टेक्सटाइल वर्ल्ड
SINCE 1998
वस्त्र उद्योग जगत का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र
presents

Uni World 3rd Edition
a unique destination for all uniform solutions

8 9 January 2024
BENGALURU

UNIFORM FABRIC & GARMENT EXPO

Meet Uniform Fabric & Garment Manufacturers From all over India

All Type Uniform Fabrics
Uniform Garments | Knitted Fabrics
Uniform Saree & Suits | Uniform Accessories



Pre Registration
FREE ENTRY
textileworld.org
To visit EXPO

Exhibitors

Mafatlal | Sparsh-Fab Fabrics Thoughtful Uniforms | Siyarams unicode | Darshan Valji | S.Kumars The Fabric of India Since 1948 | Armeelon Uniform Shirtings | Bansi fashion pvt. ltd. | BSL | Jagdamba Textiles Pvt. Ltd. | Gangotri Textiles Mills
KaKa Uniforms | MukutMani | Swaraj | Raghav Premium Suiting | bajaj | Reliable | Gtiline Suitings & Shirtings | Sketcher's Uniform | MD Creation | Rodas Suitings & Garments | HS | Kalpatru | Puja Suitings
True Color Uniforms & Speciality Fabrics | H S Uniform | 21st Century Topman Premium Suiting | Ankur Uniform & Speciality Fabric | Shalimar | Fizzical India | DAC'S INC Uniform Experts | REX | Hosiery Works | Vastra Mahal | Liril Fashion | Appalon

CO-POWERED BY: Mafatlal
STRATEGIC PARTNER: Sparsh-Fab Fabrics Thoughtful Uniforms
SUPPORTED BY: Qmax World Sunil Tibrewal Group Company
SUPPORTING ASSOCIATION
ORGANIZER: SSS Media Publications Pvt. Ltd.

Venue
Princess Golf
Gate no. 9, Palace Ground
Bengaluru

INQUIRY : 80035 96092 | 80056 60394 | 80035 96091 | 80035 96097 | 80035 96090
uniworld.tw@gmail.com | textileworldtw@gmail.com | www.textileworld.org


BSL
www.bslltd.com
REDEFINING
TRADITIONAL
SPLENDOUR FOR
EVERY WEDDING
shreyansh.in
For trade enquires contact: 93768 60258 | rakesh.trivedi@bslsuitings.com




पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2021-2023 Posting on 24-12-2023 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-26 अंक-13 भीलवाड़ा/ 22 दिसम्बर, 2023 कुल पृष्ठ- 16 मूल्य : 25 रुपए 1






















# कारोबार में आई गति

## आगामी दिनों में सुधार की आशा

### धन की तंगी बरकरार सूटिंग में बदला ट्रेंड

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

आलोच्य पखवाड़े के दौरान दिल्ली कपड़ा बाजार में कारोबार ने कुछ गति पकड़ी है तथा व्यापारियों का कहना है कि वैवाहिक सीजन को देखते हुए आगामी दिनों में थोक व खुदरा ग्राहकी में और सुधार की संभावना नजर आ रही है। बहरहाल, खुदरा स्तर पर कारोबार में सुधार के बावजूद बाजार में धन की तंगी बरकरार है। व्यापारियों के अनुसार शरद सीजन में शहरों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में भी अधिक संख्या में विवाह सम्पन्न होने लगे हैं तथा इससे आगामी दिनों में कपड़े की मांग में अब सुधार की संभावना नजर आ रही है। सूत्रों का कहना है कि किसानों के पास आने के बाद क्रय शक्ति बढ़ रही है तथा पूर्व की भाँति उनकी खरीद भी बल्क में होती है। उल्लेखनीय है कि शहरी क्षेत्रों में विवाह-शादियों में कपड़ों का लेन-देन अब कम होने लगा है तथा नकद चलने लगा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में पुरानी परम्परा जारी है। इससे वहाँ से कपड़े की अधिक मांग आने की संभावना है।

धन की तंगी- व्यापारियों का कहना है कि कोविड-19 के बाद से बाजार में धन की जो कमी पैदा हुई थी वह अभी समाप्त होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले व्यापारियों की रकम एक वर्ष में कई बार घूम जाती थी लेकिन अब खुदरा व्यापारियों से थोक व्यापारियों को भुगतान में देरी की अवधि लगातार बढती जा रही हैं। हालांकि भुगतान देरी से आने पर ब्याज आदि का प्रावधान है लेकिन व्यापारियों का कहना है कि मूल राशि मिलने में ही देरी हो रही है तो ब्याज की आशा करने का कोई मतलब ही नहीं है। जानकारों के अनुसार बाजार में धन की तंगी समाप्त होने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं और इसके बने ही रहने की संभावना है।

शेषांश पृष्ठ 8 पर...





















## मौसम चुस्त, ग्राहकी सुस्त

मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल मुजफ्फरनगर सहित पश्चिमी उत्तरप्रदेश की अधिकांश कपड़ा मार्केट्स में लग्न साया मुहूर्त बन्द होने व कोई बड़ा त्यौहार न होने से बिक्री पर फर्क पड़ता देखा गया है। गरम कपड़ों, लेडीज सूट्स, जर्सी, जैकेट कम्बल ऊनी कपड़ों की बिक्री तो अच्छी खासी चल रही हैं। किन्तु अन्य साड़ी, पैंट-शर्ट, कॉटन कपड़ों की बिक्री में गिरावट आई है। मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित व्यापारियो में सर्व श्री विनोद डाबर, हितेश डाबर, संजीव गोयल, गुलाटी जी, राजेश ग्रोवर, अमित सिंघल, आशीष सिंघल, घनश्याम पालीवाल, अशोक छाबड़ा, पवन बत्रा, सुदर्शन खरबंदा, के. पी. त्यागी, नीरज डाबर अमृत राठी, लक्ष्मण रस्तौगी, रमेश अरोड़ा के अनुसार जनवरी मे लग्न साया मुहूर्त होने से काम-काज जल्द रफ्तार पकड़ लेंगें।




## सर्दी के तेवर से गर्म कपड़ों की डिमाण्ड जबरदस्त

**रेवाड़ी/ जे.पी.शर्मा**

सर्दी बढ़ने पर अभी बाजार में गर्म कपड़ों की अच्छी डिमाण्ड बनी हुई है। जिसमें लोई, रजाई, कंबल इत्यादि ज्यादा बिक रहें है। एफ.जी.मुंबई फैशन के यहां रिटेल बुकिंग प्राइमरा सूटिंग के प्रतिनिधि (सेलमेन)को बुलाकर बुकिंग करवा रहे हैं। अभी यूपी, बिहार, उत्तराखण्ड़ में कपड़ा अच्छा बिक रहा है। कृष्णा टेक्सटाइल के यहां साड़ियों की बुकिंग एवं पोपलीन, ब्लाउज की अच्छी ग्राहकी है। देवरानी-जेठानी के यहां पैंट, शर्ट एवं गर्म कपड़ों की और दीक्षा एम्पोरियम कुण्ड मण्डी के श्री महेश शर्मा के यहां मोजे, स्वेटर, कंबल, लोई एवं बच्चों की ड्रेस अच्छी बिक रही हैं। यहां स्कूल ड्रेस के गर्म कपड़ों की बिक्री हो रही है। राम एम्पोरियम नारनौल के यहां रेडीमेड में ग्राहकी अच्छी चल रही है। एक से बढ़कर एक नई डिजाइंस लाकर ग्राहकों को बेच रहें है। अभी बाजार अच्छा चल रहा है तथा लेन-देन की आवक भी अच्छी बनी हुई है।

## 'भारत टैक्स 2024' विश्व का अब तक का सबसे बड़ा टेक्सटाइल ट्रेड फेयर









**भीलवाड़ा/ ललित शर्मा**

भारत के टेक्सटाइल उद्योग को विश्वस्तरीय ब्रांड बनाने के उद्देश्य से देश की 11 निर्यात संवर्धन परिषदों की ओर से 26 से 29 फरवरी 2024 को 'भारत टैक्स 2024' के नाम से विश्व का अब तक का सबसे बड़ा टेक्सटाइल ट्रेड फेयर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें टेक्सटाइल सेक्टर के सभी क्षेत्र कॉटन, सिंथेटिक, जूट, वूल, टेक्नीकल टेक्सटाइल, एपेरेल से संबंधित फाइबर से फैशन तक की प्रदर्शनी नई दिल्ली के भारत मण्डपम एवं यशोभूमि में दो लाख वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र पर आयोजित की जा रही है। आम तौर से विश्व में आयोजित होने वाली टेक्सटाइल प्रदर्शन प्रोडक्ट या सेक्टर संबंधी होते है लेकिन भारत टेक्स में सभी प्रोडक्ट, सभी सेक्टर के साथ नये विकास की भूमिका पर भी प्रदर्शन होगें। यह बात वस्त्र मंत्रालय की ट्रेड एडवाजर श्रीमती शुभ्रा ने शनिवार दोपहर होटल इम्पीरियल टेक्सप्रोसिल की ओर से मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स एसोसियेशन एवं सीआईटीआई के सहयोग से आयोजित रोड शो को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि फाइबर ही नही, विश्व में विकसित हो रहे नये फाइबर, फाइबर उत्पादन में काम आने वाले केमीकल, तकनीकी रुप से नये विकसित किये जा रहे कलर से संबंधित भी स्टाले होगी। रेडीमेड एवं एपेरेल सेक्टर के लिए विश्व के प्रमुख फैशन डिजाइनर आने वाले वर्षो में फैशन ट्रेंड एवं तद्नुसार उपभोक्ता की बदलती हुई मांग के विषय में जानकारी देगें। साथ ही कई फैशन शो भी आयोजित किये जाएगे। भारत के टेक्सटाइल हैंडीक्राफ्ट का विशाल प्रदर्शन होगा। न केवल टेक्सटाइल उत्पादन वरन् टेक्सटाइल मशीनरी की भी प्रदर्शनियां होगी। भारत का टेक्सटाइल उद्योग पूरे विश्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए पूरे विश्व से उत्पादक, खरीददार, सप्लायर, टेक्नीशियन, सीईओ इस प्रदर्शनी के लिए दिल्ली आ रहे है एवं सभी प्रमुख होटलों को इसके लिए रिजर्व कर लिया गया है। कई अंतर्राष्ट्रीय संस्थान नये विकसित उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे एवं कई उत्पाद तो भारत टैक्स 2024 में ही विश्व के सामने रखे जाएगे। शुभ्रा ने बताया कि न केवल निर्यात संवर्धन परिषद या भारत सरकार का वस्त्र मंत्रालय के भी स्टाल होगे वरन विभिन्न राज्यों की ओर से भी मेला पार्टनर के रूप में भाग लिया जाकर विभिन्न राज्यों की टेक्सटाइल नीतियां, उद्योग नीतियां, भूमि, जल की उपलब्धता, निवेश की सुलभता की जानकारी दी जाएगी। भारत टैक्स 2024 में भारतीय संस्कृति की जानकारी देने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यं म भी आयोजित होगें। उन्होंने भीलवाड़ा के टेक्सटाइल उद्यमियों से इस अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विशाल मेले में भाग लेने के साथ अपने विदेशी खरीददारों को भी आमंत्रित करने का आग्रह किया।

टेक्सप्रोसिल एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सिद्धार्थ राजगोपाल ने कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि उत्पाद प्रदर्शन के साथ इस मेले की विशेष भूमिका टेक्सटाइल उद्योग को ग्रीन उद्योग के रूप में परिवर्तित करने की होगी, जिसके लिए टेक्सटाइल से निकलने वाले वेस्ट को पुनर्चक्रण एवं उपयोगी बनाने के संबंधी भी उपकरण, तकनीक की जानकारी भी उपलब्ध होगी। आरटीएमए के चेयरमैन डॉ एस एन मोदानी ने कहा कि विश्व में मैन मेड फाइबर उत्पाद की मांग बढ़ती जा रही है एवं इसके लिए सरकार को मैन मेड फाइबर उद्योग को भी पूरा महत्व देने एवं विभिन्न योजनाओं में इस उद्योग के सभी सेक्टर को सम्मिलित करने की आवश्यकता है। मेवाड़ चैम्बर के अध्यक्ष बी एम शर्मा ने कहा कि विश्व के प्रमुख ब्रांड उत्पादक अब भारत से रॉ-मटीरियल के बजाय अन्तिम फिनिश प्रोडक्ट के रूप में एपेरल की मांग कर रहे है, क्योंकि अब विश्व चीन के बजाय टेक्सटाइल उत्पादों के लिए भारत की ओर रुख कर रहा है। सरकार को इसके लिए भीलवाड़ा जैसे टेक्सटाइल केन्द्रों को रेडीमेड, एपेरल हब के रूप में भी विकसित करने के लिए नई योजना लानी चाहिए। वस्त्र मंत्रालय के निदेशक (इन्फ्रा) अनिल कुमार ने बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से स्वीकृत किये गये सात पीएम मित्रा टेक्सटाइल पार्क के विकास के कार्य में तेजी से प्रगति है एवं इससे टेक्सटाइल क्षेत्र में लगभग 70 हजार करोड़ का नया निवेश आएगा। राजस्थान के अतिरिक्त उद्योग आयुक्त विपुल जानी ने भी उद्यमियों को संबोधित किया। ईपीसीएच के एडिशनल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजेश रावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## इस माह में मर्दाना जोड़े और गज के पट्टे की डिमाण्ड अच्छी

**बरेली/ राजीव अरोड़ा**

इस माह दिसंबर में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी व्यापार की गति धीमी रहेगी। नवंबर में अच्छा कारोबार रहा। कपड़े की हर वैरायटी की डिमाण्ड अच्छी रही किंतु दिसंबर आते ही कारोबार की गति धीमी पड़ती गई । पॉपलीन, अस्तर, फॉल की बिक्री अच्छी रही किंतु सूटिंग-शर्टिंग की बिक्री स्तर से कमजोर रही। इचलकरंजी की जगह टांडा के मर्दानें जोड़े की डिमाण्ड अच्छी रही है। टांडा (यूपी) में मर्दाना जोड़े की रेट भी इचलकरंजी से सस्ता पड़ रहा है। मर्दाना जोड़ा के लिए प्रसिद्ध कटरामानराय के व्यापारी से ज्ञात हुआ कि इस वर्ष इरोड़ के अलावा टांडा (यूपी ) की भी डिमाण्ड अच्छी रही। वह दिन दूर नहीं 15 जनवरी मकर सक्रांति से बिक्री अच्छी चलेगी। अहमदाबाद का सूती पट्टा की डिमाण्ड हल्की- फुल्की चल रही हैं। इसके स्थान पर गज (यूपी) के पट्टे की भी डिमाण्ड है। कारण वहां की रेट और क्वालिटी अच्छी है। पॉपलीन की रेट कम होने से ग्राहक पॉपलीन की डिमाण्ड कर रहे हैं। गरम शॉल की डिमाण्ड थोड़ी कमजोर चल रही हैं।




## महाटफ्स के तहत् कपड़ा उद्योग में तेजी के आसार

**कोल्हापुर/राहुल खाडे**

देश के कपड़ा उद्योग में प्रौद्योगिकी के आधुनिकीकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई टफ्स (प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना) योजना की तर्ज पर राज्य सरकार ने अब महाटफ्स (महाराष्ट्र प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना) योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए सरकार की ओर से एक कमेटी का गठन किया गया है। जब यह योजना लागू हो जाएगी, तो कपड़ा उद्योग में तेजी से तकनीकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेंगी। देश के कपड़ा उद्योग में 1999 तक मशीनरी का उपयोग पारंपरिक तरीके से किया जा रहा था। जब दुनिया इस औद्योगिक जगत में एक बड़ा कदम उठा चुकी थी तो देश में भी ये बदलाव होने चाहिए। इसे समझते हुए 1999 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में केंद्र सरकार ने टफ्स योजना शुरू की। यह योजना 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत् शुरू की गई थी। मशीनरी की लागत पर 20 प्रतिशत सब्सिडी या ब्याज राशि पर पांच प्रतिशत रियायत के रूप में थी। नयी उम्मीद के साथ गारमेंट उद्यमियों ने इस योजना का लाभ उठाया। कपड़ा उद्योग में नए निवेश को आकर्षित करने के लिए इस योजना के माध्यम से उद्यमियों को 11 हजार 952 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की गई। आगे इस योजना का स्वरूप बदला और विस्तार भी बढ़ा। केंद्र की यह योजना अब ठंडे बस्ते में है क्योंकि इसे नए सिरे से शुरू किया जाएगा।

### महाटफ्स की शुरुआत

इस बीच केंद्र सरकार की टफ्स योजना स्थगित होने से इस उद्योग की जरूरत को देखते हुए राज्य सरकार ने इस योजना को महाटफ्स के नाम से शुरू करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य पूंजीगत सब्सिडी के लाभ की योजना बनाने के लिए सरकारी निर्णय के माध्यम से एक समिति का गठन किया गया है। सदस्य सचिव के रूप में कपड़ा आयुक्त और संयुक्त आयुक्त (तकनीकी) की अध्यक्षता वाली समिति में आईआईटी मुंबई, वीजेटीआई मुंबई, सस्मिरा, उद्योग निदेशालय और केंद्रीय कपड़ा आयुक्तालय, इचलकरंजी की डीकेटीई तकनीकी शिक्षा संस्थान और राज्य कपड़ा महासंघ के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनमें से डीकेटीई ने 2004 की कपड़ा नीति बनाई थी। इसमें योगदान देने वाले पूर्व कपड़ा उद्योग मंत्री, विधायक श्री प्रकाश अवाड़े और कपड़ा उद्योग महासंघ अध्यक्ष श्री अशोक स्वामी को इस समिति में निमंत्रित किए जाने की संभावना है।







## वूलन की ग्राहकी मंद : जाम हो गया माल

**सतना/ बलराम शुक्ला**

विगत दो वर्षों से वूलन का मार्केट फ्लॉप होता जा रहा है। जून-जुलाई मे लोग एडवांस माल लेकर आते है और नवम्बर तक माल रखने के बाद बिक्री शुरू होती है। लेकिन कुछ वर्षों से तिब्बती, नेपालियों और शरणार्थियों ने पूरे वूलन मार्केट पर कब्जा कर लिया है और बाकी कसर फैरी वालों ने पूरी कर दी है, क्योंकि वेह बड़े शहरों, कस्बों के बाहर सड़कों के किनारे दुकान सजा लेते है एवं कम प्रोफिट में व्यापार कर लेते है, जिससे स्थानीय व्यापारी बहुत परेशान है। हमनें सतना वूलन के थोक व्यापारी श्री मनोहर लाल से पूछा कि इस वर्ष वूलन का व्यापार कैसा रहा, तो उन्होंने बताया कि इस वर्ष अभी तक ठंड ज्यादा नहीं पड़ रही है अगर ऐसा ही दिसंबर माह में हाल रहा तो हम लोगों का माल स्टॉक हो जायेगा और उसकों सालभर संभालकर रखना पड़ेगा। हम लोगों का अब वूलन से मन भर गया है क्योंकि अब कुछ मिल भी नहीं रहा है और व्यापार करना तकलीफ दायक हो गया है।
















## शादी-ब्याह से अच्छी ग्राहकी की हलचल

**ब्यावर/ अनिल डोसी...** अभी मलमास होने से शुभ मुहूर्त बंद है। मकर सक्रांति के बाद 15 जनवरी से ही वैवाहिक सीजन शुरू होंगे। अभी मार्केट में सर्दी के आइटम की ग्राहकी बनी हुई है। जिसमें बेस, ड्रेस मटीरियल, राजपूती पौशाक, शर्टिंग- सूटिंग, फैंसी ब्लाउज, पोपलीन, टेरी रूबिया, साड़ियां, सलवार सूट आदि क्वालिटियों की अच्छी खरीदी चालू है।













For Agent/Dealer/Franchise store enquiries, reach us at: Call: +91 9340605633 | Whatsapp: +91 9992514747
Write to: helloburgoyne@wfbindia.com | AVAILABLE AT ALL LEADING RETAIL OUTLETS

Follow us on /@Burgoyneindia | www.burgoyne.co
**Burgoyne** & **BAIRD Cotton** are registered trademarks of **WFB BAIRD & COMPANY (INDIA) PVT. LTD.**

HOUSE OF BURGOYNE IRELAND
ESTD. 1912

# D&J की आकर्षक SHEESHĀ COLLECTION रेंज लॉन्च





**मुम्बई/** देश की अग्रणी टेक्सटाइल कंपनी रिषभ वर्ल्ड के लोकप्रिय फैशन ब्राण्ड डी एण्ड जे नित नए ब्लेंड के साथ एवं अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के समावेश को ध्यान में रखकर नई फैब्रिक फैशन डिजाइंस को वस्त्र बाजार में इंट्रोड्यूज करने में हमेशा अग्रणी पायदान पर हैं। फैब्रिक फैशन इनोवेशन की यही कला ब्राण्ड को अन्य फैब्रिक निर्माताओं की श्रेणी में अपने को अग्रणी पायदान पर रखती है।

कंपनी के बिजनेस हेड श्री राजेश सिंह ने बताया कि शिशा ट्रूथ, क्लिरियटी एवं ब्राइटनेस जैसे गुण को परिभाषित करता है। शिशें की चमक और इन सभी गुणों की प्रेरणा से **'शीशा कलेक्शन'** की आकर्षक रेंज लॉन्च की गई। उन्होंने बताया कि **'रिषभ वर्ल्ड'** के साथ देश की प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर नीलेश-मीतेश ने 'शीशा कलेक्शन' को नया रंग-रूप और नई पहचान दिलाने का प्रयास किया। नीलेश-मीतेश ने गुजरात की पारंपरिक कला **'आबला'** को मॉडर्न तकनीक से जोड़कर डाय एंड डाय प्रोग्राम के साथ इस कलेक्शन को और खूबसूरत बना दिया।

साथ ही डाय एण्ड डाय विधि से तैयार किए गए कपड़ो पर रेशम एवं सिल्क के धागों की मदद से शीशें की सिलाई की जाती है और नई डिजाइंस के साथ तैयार किया जाता है। गुजरात की अद्भुत कला के साथ 'शिशा कलेक्शन' अवश्य अपनी अमिट छाप छोड़ेंगा।






# राष्ट्रीय व्यापारिक कल्याण बोर्ड की प्रथम बैठक दिल्ली में संपन्न



**दिल्ली/** भारत सरकार की ओर से गठित राष्ट्रीय व्यापारिक कल्याण बोर्ड की नई दिल्ली स्थित उद्योग भवन में पिछले दिनो प्रथम बैठक बोर्ड चेयरमैन श्री सुनील सिंघी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में अलग-अलग मिनिस्ट्री विभाग के करीब 8 जॉईंट सेक्रेटरी और भारत के सभी बोर्ड मेम्बर्स उपस्थित थे।

चेयरमैन श्री सुनील सिंघी ने बताया कि पहली बार भारत सरकार द्वारा व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखकर यह संगठन गठित किया गया है, जिसमें हर छोटे-बड़े व्यापारियों की तकलीफ का समाधान किया जाएगा।

भारत के हर व्यापारी और उनके कर्मचारियों हेतु मोदी सरकार द्वारा पेंशन योजना शुरू की गई है, जिसकी जानकारी शीघ्र ही सब को दी जाएगी। और भी व्यापारियों के कल्याण हेतु सरकार द्वारा इंश्योरेंस योजना भी जारी की गई है। बोर्ड की ओर से चेयरमैन श्री सुनील सिंघी का बोर्ड मेम्बर श्री प्रकाश पिरगल, बेंगलुरु एवं अन्य मेंबर्स द्वारा सम्मान किया गया। बैठक में हर तीन महीने में बोर्ड की मीटिंग रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।



# इस बार गारमेण्ट में ऑफ सीजन सेल समय से पहले शुरू

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

इस बार गार्मेंट में कारोबार नहीं होने से भारी स्टॉक और कमजोर कारोबार के कारण गार्मेंटरों का रूख आगामी सीजन की तैयारियों के साथ स्टॉक को हल्का करने की ओर मुड़ गया है। रेडीमेड गार्मेंट ब्राण्ड में 'एंड ऑफ द सीजन सेल' वैसे तो दिसम्बर के अंत से शुरू होती है, जो जनवरी अंत तक चलती हैं। एक माह के इस ऑफ सीजन सेल के दौरान भारी डिस्काउंट के माध्यम से बड़े ब्राण्ड अपने अनसोल्ड स्टॉक कम करने की कोशिश करते हैं। लेकिन इस बार यह सेल समय से पहले ही शुरू कर दी गई है तथा इसमें डिस्काउंट भी हैवी तकरीबन **40** से **50** प्रतिशत के बीच है और ग्राहकों के प्रतिसाद की प्रतीक्षा है।

गार्मेंटरों ने समर सीजन की सेम्पलिंग करनी शुरू कर दी है। कुछ दिनों बाद स्पष्ट हो जाएगा कि आगामी समर सीजन के लिए क्या चल सकता है। आम धारणा है कि समर सीजन में श्रेष्ठ सूती कपड़ों का होगा, जिसमें फैंसी एवं कम वजनी फैब्रिक्स की गार्मेंट में कारोबार हो सकता है। जेंट्सवियर के पैटर्न और डिजाइनों में किसी बड़े उलटफेर की संभावना कम रहती है, तथापि अब फॉर्मल शर्ट एवं पैंट की जगह स्मार्ट कैजुअल ट्राउजर, टी-शर्ट, जैकेट जैसे परिधान अधिक चल रहे हैं। परंतु वहीं किड्सवियर और लेडीजवियर के डिजाइंस, पैटर्न इत्यादि में एक से एक नये प्रयोग की नयी पेशकश बाजार में आती रहती हैं।

गार्मेंट क्षेत्र में नवीनता और नई पेशकश का बोलबाला रहता है। विशेषकर लेडीज और किड्सवियर में इस तरह का ट्रेण्ड अधिक है। सलवार एवं कमीज का चलन कम हुआ तो उसकी जगह लेगिंग के साथ कुर्ती ने ले ली। कुछ समय तक इस तरह का ट्रेण्ड रहने के बाद लेगिंग की मांग कम हो गई और कॉटन ट्राउजर एवं जींस की मांग बढ़ी, बोटम में हाल जींस अधिक चल रहा है जो कामकाजी नवयुवतियों के लिए पहले से आरामदेय है। टॉप में अनेक वैरायटी है जिनमें कुर्ती, शर्ट की विविध पैटर्न एवं डिजाइंस रिटेलरों के पास उपलब्ध है। बोटम में नयी वैरायटी के आरामदेय डिजाइंस की भरमार से कारोबार अच्छा चल रहा है।

# स्थानीय एवं वैश्विक मांग कमजोर होने से रूई के भाव घटे

**मुंबई/रमाशंकर पाण्डेय**

रूई के भाव घटने से स्पिनिंग मिलों की खरीदी कम है। निर्यात में कारोबार नहीं होने से निर्यातक कम सक्रिय है। कपास की पूरजोर आवक से जिनिंग इकाइयों में कारोबार बढ़ा है। तैयार गांठ की मांग बाजार में बढ़ी है परंतु तैयार स्टॉक के लेवाल कम है। रूई और कॉटन यार्न का निर्यात मानो ठप्प पड़ गया है। यही कारण है कि रूई के भाव पर निंरतर दबाव बनता जा रहा है। बाजार को देखते हुए कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के लिए 900 करोड रू. का आवंटन किया है। सीसीआई ने ढ़ाई लाख गांठ की खरीदी की है, इसमें दो लाख गांठ से अधिक की खरीदी तेलंगाना में की गई है।

सीजन की शुरूआत में भारी आवक के दबाव में भाव घटते है। मांग एवं आपूर्ति को ध्यान में रखकर जुलाई से सितम्बर माह में ऊँचे भाव पर बिक्री की जाती है, क्योंकि उन दिनों आवक की सीजन समाप्त होती है। सरकार ने लॉन्ग स्टेपल रूई के लिए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य 7020 रू.और मीडियम रेंज के लिए 6620 रू. तय की है। अभी तक गुजरात को छोड़ 11 कपास उत्पादक राज्यों में से 10 में कपास के भाव एमएसपी से नीचे आ गए हैं। इसलिए सीसीआई ने किसानों से खरीदी की है। अब गुजरात में भी सीसीआई को आगे आना पड़ा है। कोविड महामारी के समय सीसीआई ने 65 हजार करोड रू.की खरीदी की थी।

कपास की आवक अच्छी है। किसानों की बिकवाली आगामी दिनों में और बढ़ सकती है। यद्यपि इन दिनों तकरीबन 70 प्रतिशत माल हल्की गुणवत्ता का बताया जा रहा है, इसलिए भाव घट रहे है परंतु इसका खामियाजा अच्छी गुणवत्ता के माल को भी उठाना पड़ रहा हैं। कपास के भाव घटते ही देश के सभी राज्यों में सीसीआई ने कपास की खरीदी शुरू कर दी है। धीरे-धीरे सीसीआई के पास आवक बढेगी। रूई का भाव प्रति खंडी 55000 रू. है। महाराष्ट्र से गुजरात में प्रेसिंग करने के लिए औसत 10 से 15 लाख गांठ जाती रही है परंतु इस बार माल कम जा रहा हैं। 2021 में देखी गई तेजी के बाद रूई के भाव सबसे कम हो गए हैं, अभी भाव नहीं सुधरे तो इसका दूरगामी असर भी हो सकता है।

इंटरनेशनल कॉटन एडवाइजरी कमेटी की उत्पादन एवं खपत समिति का अनुमान है कि भारत में रूई का उत्पादन पिछले सीजन के 336.60 लाख गांठ से घटकर इस सीजन में 316.57 लाख गांठ रहेगा। गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में रूई का उत्पादन घटेगा। इतना ही नहीं प्रतिकूल हवामान के कारण सीसीआई को भी कपास उत्पादक राज्यों में 5 से 20 प्रतिशत तक कपास उत्पादन कम होने की संभावना है। उत्तर भारत में कपास की खड़ी फसल में कीड़ा लगने के कारण उत्पादन अनुमान 62 लाख गांठ से घटाकर 40 लाख गांठ कर दिया गया है। इस तरह कई ऐसे राज्य है जहाँ कपास को नुकसान होने के कारण उत्पादन अनुमान घट गया है।




# 'डालमिया सिंथेटिक्स' गया द्वारा शुभ मुहूर्त सेल की दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन











**गया/ रतन लाल पण्डित**

इस कॉन्फ्रेंस का गया के जिला न्यायाधीश श्री डी. जे. तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारम्भ किया गया। इस फर्म के मुखिया श्री शिव कैलाश डालमिया (मुन्ना बाबू) एवं श्री गौतम डालमिया ने बताया कि फर्म कि हमारी होलसेल शॉप टेक्ना फार्म बोध गया के पास शुरू होने वाली है। वर्तमान में हमारी शॉप डालमिया बाजार के नाम से बिहार में 9 जगह स्थापित है। डालमिया सिंथेटिक्स गया का आगामी वैवाहिक लग्न को देखते हुए शुभ मुहूर्त सेल की कॉन्फ्रेंस 16-12-2023 से 17-12-2023 को बोध गया के टेक्ना फार्म के पास किया गया। इस अवसर पर तकरीबन 108 सप्लायर्स ने अपने-अपने सेम्पल का डिस्प्ले कर आगामी लग्न सराय सीजन को देखते हुए अच्छी बुकिंग की। इस मुहूर्त सेल में विभिन्न मिलों द्वारा सूटिंग-शर्टिंग, साड़ी, ड्रेस मटीरियल, धोती, रूबिया, पोपलीन, सूट्स, कलकत्ता साड़ी, बनारसी साड़ी, सूरत साड़ी, लहंगा, बैंगलोरी साड़ी की सेल बुकिंग की। बिहार, झारखण्ड से तकरीबन 350 व्यापारी बन्धु ने इस कॉन्फ्रेंस में आये और जमकर खरीदी भी की। कंपनी की ओर से कुछ आर्कषक उपहार भी रखा गया था। जिसमें परिधान वजीरगंज के एक व्यापारी को लक्की ड्रॉ द्वारा प्रथम प्राइज में एक हीरो मोटर साइकिल मिली। सभी जगह से आए हुए व्यापारी बंधुओं ने दिन में खरीदी की और रात्रि में रंगा-रंग कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।














































## सम्पादकीय....

# ओमान और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते के जल्द पूरा होने की उम्मीद

**भारत** और ओमान के बीच व्यापारिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्ते बहुत पुराने हैं। आपसी विश्वास और सम्मान के आधार पर दोनों रणनीतिक साझीदार रहे हैं। अब दोनों देशों के रिश्ते नए दौर में प्रवेश करने जा रहे हैं। ओमान के शासक सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद पहली बार भारत की यात्रा पर आए हैं। यह छब्बीस वर्ष बाद ओमान के किसी शासक की यात्रा हुई है। राष्ट्रपति भवन में उनके राजकीय स्वागत और फिर उनसे बातचीत के बाद भारत के प्रधानमंत्री ने कहा कि इस यात्रा के बाद दोनों देशों के संबंध ऐतिहासिक दौर में पहुंचने वाले हैं।दोनों देशों के अधिकारियों के बीच दो दौर की बातचीत हो चुकी है।

हैथम की इस यात्रा से दोनों देशों में मुक्त व्यापार समझौते के जल्द से जल्द पूरा होने की उम्मीद है। पिछले महीने के आखिरी और इस महीने के पहले सप्ताह में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच इस विषय में दो दौर की बातचीत हो चुकी है। फिलहाल दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के विस्तार के लिए संयुक्त दृष्टि दस्तावेज को स्वीकार किया है, जिसमें समुद्री क्षेत्र, संचार, अंतरिक्ष, डिजिटल भुगतान, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा में साझेदारी प्रमुख हैं। पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापार में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। पिछले वित्तवर्ष में भारत और ओमान के बीच 12.39 अरब डॉलर का कारोबार हुआ, जबकि उसके पहले के वित्तवर्ष में यह 5.4 अरब डॉलर का था। स्वाभाविक ही इससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक साझेदारी बढ़ाने को लेकर उत्साह है। वर्ष 2008 के बाद से विभिन्न मुद्दों पर दोनों देशों के बीच नियमित वार्ता और करार होते रहे हैं। सुरक्षा सहयोग, प्रतिरक्षा तथा क्षेत्रीय सुरक्षा, समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा और संरक्षा सहित आपसी हितों के मुद्दों पर वार्षिक बैठकें होती रही हैं। ओमान एक ऐसा देश है, जिसके साथ भारत की तीनों सेनाओं के अभ्यास आयोजित होते रहे हैं। फिर वह हिंद महासागर और अरब सागर की एक ऐसी संधि पर स्थित है, जिसके साथ भारत के रिश्ते रणनीतिक रूप से बहुत लाभकारी हैं।

खासकर समुद्री सुरक्षा के मामले में चीन से मिल रही चुनौतियों के मद्देनजर ओमान की दोस्ती ज्यादा अहम है। उससे भारत के सामरिक, सुरक्षा, आतंकवाद, नई तकनीकों के जरिए मिल रही चुनौतियों आदि से पार पाने संबंधी समझौते हैं। फिर वह खाड़ी सहयोग परिषद, अरब लीग तथा हिंद महासागर रिम एसोसिएशन में एक महत्त्वपूर्ण वार्ताकार है, जिसके चलते खाड़ी देशों के साथ भारत के संबंधों में संतुलन बनाने में मदद मिलती है। ओमान के रास्ते खाड़ी देशों से व्यापार में सहूलियत होती है। अभी जिस तरह वैश्विक स्थितियां बदल रही हैं और उनमें आर्थिक, व्यापारिक, सामरिक समीकरण उलझ रहे हैं। महाशक्तियां अपने ढंग से विश्व अर्थव्यवस्था को संचालित करने की कोशिश कर रही हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध और फिर इजराइल-हमास संघर्ष के चलते सबसे अधिक असर विकासशील और अविकसित देशों की आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ रहा है। भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए अधिक पैसा खर्च करना पड़ रहा है। इसलिए वैकल्पिक रास्ते तलाशे जा रहे हैं। हालांकि भारत अनेक मामलों में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ चला है, मगर निर्यात और कच्चे तेल के आयात के मामले में उसके सामने बड़ी चुनौतियां हैं। विकासशील देशों को एकजुट कर व्यापारिक संबंधों को प्रगाढ़ करने और महाशक्तियों के प्रभाव से मुक्त होने की कोशिशें पिछले कुछ समय में तेज हुई हैं। ऐसे में ओमान के साथ व्यापार बढ़ने से निश्चय ही भारत को बड़ा बल मिलेगा।

## कुछ नया, कुछ अलग

# जीवन के कैनवास में भरें अपना रंग


श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

ये पूरी दुनिया ऐसी है जो अक्सर नकारात्मकता से घिरी रहती है, हमें जीवन की अनंत सुंदरता में सांत्वना ढूंढनी पड़ती है। जीवन का ताना-बाना हमारे सामने अनेक अवसर और चुनौतियाँ रख देता है, अनेक असमंजस उत्पन्न करता है, जो जीवन जीने की कला और जज्बे को आकार देता हैं। इसके बीच हमारा लक्ष्य उन अनगिनत कारणों का उत्सव मनाना है जो कि हमें जीवन जीने का हौसला देता है। आइए हम एक ऐसी यात्रा पर निकलें जो सकारात्मकता जीवन जीने के पथ को प्रदर्शित करता है।

हमारे जीवन की सकारात्मकता केवल एक गुण नहीं यह एक सचेत निर्णय है जो एक संतोषपूर्ण जीवन की नींव रखता है। सकारात्मक मानसिकता अपनाकर दुनिया को देखने का हमारा नजरिया बदल देते हैं। कृतज्ञता को गले लगाना, आशा की किरणें तलाशना और सार्थक संबंधों को पोषित करना हमें खुशी और संतुष्टि प्रदान करता है।

जीवन पल-पल का आनंद लेने की कला है। हमें उन छोटी-छोटी बातों की सराहना करनी चाहिए जिन पर अक्सर ध्यान नहीं जाता है- जिस तरह से सुबह का सूरज एक कमरे को रोशन करता है, हवा वाले दिन में पत्तियों की नरम सरसराहट या हमारे पैरों के नीचे गर्म रेत की अनुभूति जैसी अनेक बातें जो हमें आनंद देती है हम उसके प्रति अक्सर उदासीन होते है। हमें ऐसे पल को अपने अंदर भरना चाहिए जो हमारे जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाती है। अगर किसी का भला करने से, किसी को खुश देखने से हमें खुशी मिली तो उन खुशियों को भी समेट लेना चाहिए। यही तो जीवन है और यही तो जीने की कला है। मैं तो अक्सर गाता रहता हूँ और जीता भी हूँ -

**किसी की मुस्कुराहटों पे हो निस्सार**
**किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार**
**किसी के वास्ते हो तेरे दिल में प्यार**
**जीना इसी का नाम है।**

जीवन एक निरंतर विकसित होने वाली उत्कृष्ट कृति है, जो हमें लगातार नए अध्याय देती है। परिवर्तन से न डरे। आइए इस जीवन विकास और परिवर्तन को उत्सव के रूप में मनाएँ। हमें चुनौतियों को भी अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि चुनौतियों के माध्यम से ही हमारी वास्तविक क्षमता का पता चलता है।

जिस तरह एक कलाकार रचनात्मक प्रक्रिया में खुद को खो देता है, उसी तरह हमें भी अपने जुनून को आगे बढ़ाने में आनंद लेना चाहिए। चाहे वहाँ लिखना हो, पेंटिंग करना हो, बागवानी करना हो या खाना बनाना हो, जिन कार्यो या कला में हम रुचि रखते हैं उनमें शामिल होने से हमारी आत्मा को पोषण मिलता है। अपने पसंदीदा कार्यो के समंदर में गोता लगाएँ और अपने भीतर नए आयामों को खुलते हुए और आत्म-खोज की यात्रा को चरितार्थ होते हुए पाएंगे। जीवन का कैनवास हमेशा अंधेरे रंगों या कठिनाई के क्षणों से रहित नहीं होता है। अपनी सफलताओं, असफलताओं और निराशाओं को स्वीकार करके और उनसे सीखकर, हम पहले से कहीं अधिक मजबूत बनकर उभर आते है। प्रत्येक निष्फलता विकास की ओर हमारा बढ़ता एक कदम है और हमारे जीवन के जीवंत कैनवास पर नए स्ट्रोक बनाने का अवसर है।

नकारात्मकता और अनिश्चितता से घिरी दुनिया में, सकारात्मक दृष्टिकोण एक अनमोल उपहार है जो हम खुद को और दूसरों को दे सकते हैं। आशावाद विकसित करके, अपना दृष्टिकोण बदलकर और सकारात्मकता की शक्ति को अपनाकर, हम अपने जीवन को रोशन कर सकते हैं और अपने आस-पास के लोगों के लिए प्रेरणा के प्रतीक बन सकते हैं। अपने सकारात्मक दृष्टिकोण को उज्ज्वल रूप से चमकने दें, क्योंकि इसमें न केवल आपके स्वयं के जीवन को बल्कि उन लोगों के जीवन को भी बदलने की क्षमता है जिनसे आप अपनी यात्रा के दौरान मिलते हैं। कोई व्यक्ति, कोई पल, कोई वस्तु, कोई भाव, कोई आँख भी हमें जीवन दे जाती है। बस उसको पहचान ले और जीना शुरू करें।

ये जीवन है इस जीवन का यही है, यही है, यही है

**रंग रूप,**
**थोड़ा गम हैं, थोड़ी खुशियाँ,**
**यही है, यही है,**
**यही है छाँव धूप ये जीवन है.....**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# जयपुर होलसेल टेक्सटाइल डीलर्स एसोसिएशन के चुनाव संपन्न




जयपुर/ विगत दिनों जयपुर होलसेल टेक्सटाइल डीलर्स एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री विमल सर्राफ द्वारा श्री राजेश शर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यकारिणी के चुनाव हुए जिसमें 14 सदस्यों को मतदान करवाकर निर्वाचित घोषित किया गया।

# टेक्सटाइल उद्योग में सिंथेटिक्स ग्रे क्लॉथ, पोपलीन की डिमाण्ड जबरदस्त

## पेमेंट की आवक में हो रहा सुधार

**बालोतरा/ लालचन्द पुनीत**

लम्बे अंतराल बाद बाजार में सुधारवादी, आशाजनक, वातावरण परिलक्षित होने लगा है। सिंथेटिक्स ग्रे क्लॉथ की लेवाली को भी पंख लगे नजर आतें है। वैसे ठंड के मौसम में सूती कपड़ों की मांग प्रायः कम हो जाती है, परंतु इन दिनों पोपलीन, पेटीकोट, कैशमेंट के साथ लिजी-बिजी आदि की अच्छी डिमाण्ड दिखाई पड़ रही है। पहले बालोतरा- जसोल के उत्पादों का उपयोग सीमित था, मगर बढ़ती मांग से लगता है कि इनके उपयोग का दायरा बढ़ चुका है। पैमेंट की आवक सुधरी अवश्य है परंतु पुरानी उगाई का पैसा बहुत कम आ रहा है। हालांकि नई चालानी का पैसा आने लगा है, इसलिए बकाया पैमेंट वाले उत्पादक लगभग इस तरह ही माल की चालानी को तवज्जा दे रहें हैं। कई प्रतिष्ठानों ने कैश के बिना माल कन्फर्म करना ही बंद कर दिया है। जो उत्पादक ऑनलाइन काम करते हैं। वे माल की चालानी पैसा आने पर ही करते हैं।

### संत श्री मुल्तानमल स्वामी की 60 वीं वर्षगांठ

संतदास श्री मुल्तानमल स्वामी की 60 वीं वर्षगांठ पारस भवन में पूर्व राजस्व मंत्री श्री अमराराम चौधरी के मुख्य आथित्य में उद्यमी, सेवाभावी लाभार्थी श्री देवराज खीवंसरा, ट्रस्ट अध्यक्ष श्री मूलचंद सालेचा, ओसवाल समाज अध्यक्ष श्री अशोक ढेलडिया, जागरूकता प्रतीक श्री मदनराज चौपड़ा, श्री ओम बांठिया के साथ सहृदयी श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आन-बान-शान से मनाया। इस सफल संचालन का श्रेय श्री कांतिलाल ढेलडिया का रहा। इस आयोजन में बांठिया और डोसी परिवार ने प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत कर समाज को नई गति प्रदान करने का सार्थक प्रयास किया।




इसमें एयर किंग कमाण्डर श्री श्रेणिक कुमार बांठिया के निधन व उनके सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के अनुरूप राजस्थानी साहित्य, कला परिषद् बालोतरा द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की।

वस्त्र उद्योग में व्याप्त कठिनाइयों से पिछले काफी समय से नये प्रतिष्ठानों के आने का क्रम लगभग समाप्त-सा प्रतीत होता है इससे उद्योग अपनी नई-नई मशीनों के माध्यम से विस्तार कर रहें है। कई नये प्रतिष्ठान है जो अपने माल की गुणवत्ता को श्रेष्ठ सिद्ध कर अपना सिक्का जमा रहें हैं। समय चक्र सुविधाजनक ढ़ग से रहा तो स्थानीय उद्योग नई ऊँचाइयों को प्राप्त करने में सफल होगा। गारमेंट उद्योग को निकट भविष्य में एक विशाल ताने-बाने के साथ विस्तार पाने से कोई रोक नही पायेगा। सरकार इस उद्योग की महत्ता समझकर इसके प्रचार-प्रसार के अलावा कुछ सुविधाओं में योगदान कर कदम बढ़ायें तो वह दिन दूर नही जब देश के टेक्सटाइल उद्योग में बालोतरा-जसोल विशेष रूप में उभरें।

# Yarn Rate+GST




यार्न रेट्स 20 दिसम्बर, 2023

### C.T.M.

PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 225 |
| 2/18 Dyed | 185 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/30 Frosted | 225 |
| 2/30 Dyed Slub | 260 |
| 2/30 School Dress Clourer | 225 |

### R.T.M

PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 218 |
| 2/40 Dyed | 258 |
| 2/30 Frosted | 216 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 99 |

### SRM Spinners

Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 157 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 172 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 162 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 182 |
| 1/15 Poly Black | 112 |
| 20 PV Black | 151 |
| 15 PV Black | 148 |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.

PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/50 Dyed | 335 |

### PANIPAT YARN

Mob: 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey | 110-143 |
| 150 Roto Black | 114-150 |
| 150 Roto Bright | 130-148 |
| 150/250 Grey | 121-155 |
| 150/250 Dyed | 138-173 |
| 150 Fdy | 128 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 120 |
| 2/40 POLY | 165 |
| 2/15 Poly Grey | 114 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 112 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 CONE | 54-90 |
| 6 CONE | 80-140 |
| 10 CONE | 92-185 |
| 2/4 CONE | 84-138 |
| 2/6 CONE | 90-157 |
| 2/8 CONE | 92-165 |
| 2/10 CONE | 107-190 |
| 2/20 CONE | 209-270 |
| 2/30 CONE | 288-390 |
| 2/40 CONE | 280-357 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 182 |
| 15 CONE | 185 |
| 20 CONE | 192 |
| 2/15 CONE | 195 |
| 2/40 CONE | 235 |

### VISAKA IND. LTD.

PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey | 162 |
| 2/24 Poly Grey | 166 |
| 2/30 Poly Gray | 174 |
| 2/40 Poly Grey | 200 |
| 2/60 Poly Gray | 263 |
| 2/76 Poly Gray | 324 |
| 2/30 PV Black | 223 |
| 2/40 PV Black | 261 |
| 2/30 PV HD Dyed | 238 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.

PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 2/30 P/V | 164 |
| 1/20 P/V | ..... |
| **Janvi** | |
| 1/15 Psy | 130 |
| **Triveni** | |
| 2/40 PV | 210 |
| 2/30 PV | 184 |
| Mahabir | |
| 15 PV | 150 |
| 20 PV | 155 |

Inclusive of 12 % GST

### NEETA YARNS

Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

Fancy Yarn Per Kg

| | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 212 |
| 2/60 PVT | 212 |
| 2/60 Polyster | 228 |
| 2/80 PC Combed | 325 |
| 2/76 Polyster | 382 |
| 2/60 P.V. | 262 |

### MODTEX TEXTURISERS

PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 197+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 186+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 185+GST |
| 450 ATY fancy Cone | ------ |
| 300 Black B. Cone Dyed | ........ |
| 240 Lighting 100% Cone Dyed | ......... |

### PAWAN ENTERPISES

9414111656

| | |
|---|---|
| Triveni Spinning | |
| 1/15 polyster Grey | 122.00 |
| 2/20 polyster Grey | 140.00 |
| 1/15 PV Grey Mill TFO | 142.00 |
| 1/20 PV Grey | 152.00 |
| 2/18 Pv Black 70/30 | 160.00 |
| 1/30 Pv Black 70/30 | 154.00 |
| 2/24 Pv Black 70/30 | 164.00 |
| 1/15 Pv Black70/30 Mill T. | 148.00 |
| 1/30 Pv Black70/30 Mill T. | 170.00 |
| 2/30Pv Black70/30 Mill T. | 172.00 |
| 2/40Pv Black70/30 Mill T. | 183.00 |
| **Dev Shree** | |
| 1/09 100 % Poly B. Atocone | 106.00 |
| 2/18 100% Poly B. TFO | 126.00 |
| 2/30 100% Poly Black | 146.00 |
| 2/30 % poly dyeds | 205.00 |
| 1/30% poly dyeds | 185.00 |
| 1/30 % poly Black | 143.00 |
| 1/15 % poly Grey | 121.00 |
| 1/30% poly Grey | 135.00 |

### Kishangarh Yarn Bazar

PH. 98297-21313
JAGDISH KOTHIWAL
CON YARN (Per 5 K.G.)

| | |
|---|---|
| 16 Arihant Viscous | 520 |
| 20 Patiyala ND | 556 |
| 20 Patiyala Silver | 173 |
| 20s Puja viscous | 558 |
| 16s cottspin | 500 |
| 20s Shri Mahadav | 556 |
| 23 JS Viscous | 543 |
| 20 VISCOUS | ----- |
| 16 Tile | 500 |
| 20 OM Thread | 541 |
| 20 JS | 543 |
| 23 JS | 595 |
| 10 ARI | 88+GST |

GST Paid

### Raghav Group

M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com

| | |
|---|---|
| **Raghav Agency Trident Ltd.** | |
| 1/10 OE | 165 |
| 1/14 OE | 170 |
| 1/16 OE | 174 |
| 1/20 OE | 195 |
| 30 KW | 250 |
| 30 CW | 268 |
| 2/40 CW ELLY | 258 |
| 40 CW COMPACT | 365 |
| 50 CW COMPACT | 410 |
| **Ankur Udyoug** | |
| 1/30 Polyester 100% | 135+GST |
| 1/20 Polyester 100% | 130+GST |
| 1/15 Polyester 100% | 125+GST |
| **Sidhartha Super Spinning Mills** | |
| 2/15 P/V Dyed OG | 225+GST |
| 2/18 P/V Black | 165+GST |
| 2/30 P/V Black | 230+GST |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 170 |
| 7 OE | 172 |
| 10 OE | 175 |
| 10 Lycra | 250 |
| 10 Slub Lycra | 270 |

### HIND SYNTEX LTD.

PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 165+GST |
| 2/30 PV | 175+GST |
| 15S PV | 150+GST |
| 2/24 PV | 170+GST |
| 2/30 Polyester TFO | 155+GST |
| 2/20 Polyester TFO | 145+GST |


**टेक्सटाइल वर्ल्ड**

**समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें।**

MOBILE 9468835188
417, 4th FLOOR,
COMMERCIAL MALL,
GOVINDAM,
OLD RTO ROAD,
BHILWARA-311001,


### Ratan Barjatiya Yarn Spinners P. Ltd.

PH. 94141 13144

| | |
|---|---|
| 2/60 pv | 255 |
| 2/40 pv | 182 |
| 2/30 pv | 166 |
| 2/24 pv | 161 |
| 2/20 pv | 156 |
| 2/18 pv | 154 |
| 2/15 pv | 150 |
| 20 pv. | 147 |
| 15 pv. | 142 |
| 10 pv. | 139 |
| 2/60 pv kk | 281 |
| 2/40 pv kk | 205 |
| **Nahar** | |
| 2/40 pv | 200 |
| 2/30 pv | 175 |
| 30 pv. | 158 |
| 2/30 pv 65/35. | 171 |
| Formosa,nahar | |
| **PV RECYCLED 70/30.** | |
| 2/30. | 148 |
| 15. | 128 |
| **100% POLY YARN** | |
| 2/40. | 171 |
| 2/30. | 147 |
| 2/24. | 142 |
| 2/20. | 136 |
| 2/15. | 130 |
| 20. | 127 |
| 15. | 122 |
| 10. | 119 |
| 8. | 119 |
| Less 1 rs cd | |
| **RECYCLED POLY** | |
| 2/40. | 148 |
| 2/30. | 128 |
| 2/15. | 112 |
| 15. | 106. NAHAR |
| 15. | 103 SUPER |
| **PVT YARN** | |
| 2/47 | Poly Magic |
| 2/45 | Poly Magic |
| 2/32 | Pvt ,Pt |
| 2/15 | Black & White Spun |
| 2/30 | Grindel Spun Black White |
| 2/30 | Grindel Slub |
| **BLACK YARN** | |
| 2/30 pv | 161 |
| 2/18 pv. | 138 |
| 2/15 pv | 136 |
| 15 pv. | 127 |
| 2/30 poly black | 138 |
| 15 POLY black. | 104 |

Please contact us for any enquiry
Bhavit Jain : Mob. 99292-13144

### JAGDAMBA SPINNING YARN PRICES

| | |
|---|---|
| **POLYESTER ULTIMA YARN** | |
| 40s poly | 165 |
| 15s poly | 135 |
| 30s poly | 145 |
| 40 poly @ | 158 |
| 30 poly @ | 142 |
| 24 poly @ | 136 |
| 20 poly @ | 132 |
| 15 poly @ | 127 |
| 12 poly @ | 124 |
| 10 poly @ | 122 |
| 8 poly @ | 119 |
| **PV YARN PRICES (70:30)** | |
| 2/30 pv @ | 180 |
| 2/20 pv @ | 170 |
| 2/15 pv @ | 165 |
| 40 pv @ | 179 |
| 30 pv @ | 163 |
| 24 pv @ | 157 |
| 20 pv @ | 153 |
| 18 pv @ | 151 |
| 15 pv @ | 148 |
| 10 pv @ | 143 |
| **MAGIC YARN** | |
| 2/47 PV Magic | 190 |
| 2/32 PVT | 156 |
| 2/32.PT. | 146 |
| 2/47 Poly Magic | 166 |
| 2/45 POLY MAGIC | 168 |



### NB TEXTILE LLP ( MADE IN INDIA )

Bhavit Jain
+91 99289 13144
JNB YARN MUMBAI

| | |
|---|---|
| 2/60 pv - | 266 |
| 2/40 pv - | 192 |
| 2/30 pv - | 176 |
| 2/24 pv - | 171 |
| 2/20 pv - | 167 |
| 2/15 pv - | 162 |
| **100% poly** | |
| 2/76 - | 275 |
| 2/60 - | 230 |
| 2/40 - | 178 |
| 2/30 - | 156 |
| 2/24 - | 152 |
| 2/20 - | 147 |
| 2/15 - | 143 |
| **Recycled pv 70/30*** | |
| 2/30 pv - | 158 |
| **Recycled poly** | |
| 2/40 - | 159 |
| 2/30 - | 137 |
| 2/20 - | 131 |
| 2/15 - | 125 |
| **PC YARN 65:35** | |
| 2/40 COMBED - | 243 |
| 2/30 COMBED - | 220 |
| 2/30 CARDED - | 200 |
| 14 PC VIRGIN 65/35 -141 | |
| 14 PC OE 50/50 - | 134 |

Delivered surat / Tarapur / Bhiwandi

+2rs for ichalkarangi

Less 1.5%
cd /comission
3rd day payment

# मलमास से मांगलिक कार्यों पर लगा विराम

**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

15 दिसम्बर से 14 जनवरी तक पूरे एक माह तक मलमास रहता है और मान्यतानुसार मलमास में सभी प्रकार के मांगलिक कार्य निषेध है। यही कारण है कि वस्त्र बाजार में मलमास के दौरान बिल्कुल ग्राहकी नदारद रहती है। आलोच्य पखवाड़े में वैवाहिक तिथियों की वजह से बाजार में उठाव रहा। खासतौर से महिला परिधानों वाले प्रतिष्ठानों पर अच्छी ग्राहकी रही । ठण्ड की वजह से गरम वस्त्रों की मांग बढ़ जाने से अब बाजार में गरम कपड़ों की ग्राहकी ही हो रही है। ऊनी वस्त्रों की अच्छी बिक्री को देखते हुए कई ऊनी वस्त्र विक्रेताओं ने माल का ऑर्डर, देना शुरू कर दिया। जानकारों की मानें तो मलमास में अन्य वस्त्र चाहे नहीं बिक रहें परन्तु ऊनी वस्त्रों की बिक्री आने वाले कुछ दिनों तक अच्छी होने की संभावना है।

# पर्ल टेक्सटाइल प्रतिष्ठान में ग्राहकी भरपूर

**सिकंदराबाद**

सिकंदराबाद रिटेल बिक्री में पर्ल टेक्सटाइल प्रतिष्ठान में पिछले पखवाड़े में क्रिसमस की भरपूर ग्राहकी हुई। फर्म के ओनर श्री आनंद सितलानी ने बताया कि शानदार ग्राहकी हुई। जिसमें सूटिंग-शर्टिंग, ब्लेजर में ब्राण्डेड फैब्रिक में ही सेल हुई। पर्ल टेक्सटाइल अपने उपभोक्ताओं को टेलरिंग सुविधा भी उपलब्ध कराते और कम समय में सिलवाकर ग्राहको को आपूर्ति करते हैं।



# कारोबार में आई गति

पृष्ठ 1 का शेषांश

भाव वृद्धि- जानकारों का कहना है कि बाजार में किसी भी फैब्रिक में कोई बढ़ोतरी नहीं हो रही है और मांग को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि निर्माता या मिलें वृद्धि का कोई प्रयास भी करेंगी। जानकारों का कहना है कि कुछ मिलें क्वालिटी का नाम आदि बदल कर भाव बढ़ाने का प्रयास करती है लेकिन सफल नहीं हो रही हैं। आलोच्य पखवाड़े के दौरान सूटिंग-शर्टिंग में मांग बनी रही जबकि वैवाहिक व सिंथेटिक साड़ियों की मांग में सुधार देखने को मिला। लहंगा-चून्नी, लाचा, वेडिंग गाऊन आदि की मांग में सुधार हो रहा है। कॉटन आइटमों में सीमित मांग बनी हुई है।

बदलता ट्रेंड- व्यापारियों का कहना है कि सूटिंग में रेमंड, ग्राडो, मयूर, डॉनियर, सियाराम, रीड एंड टेलर आदि की मांग बनी हुई है। बहरहाल अब उपभोक्ता की मांग व रूचि बदलती जा रही है। पहले विंटर सीजन में डार्ककलर जैसे ब्राऊन, मेहंदी, ब्लैक आदि की मांग अधिक रहती थी लेकिन अब ग्राहक इस सीजन में भी लाईट कलर मांग रहा है। बाजार में पेस्टल, फोन, पिस्ता, लाईट ग्रीन, लाईट पिंक आदि रंगों की अधिक मांग है। सेल्फ या चैक आदि डिजाइन की मांग कम होती जा रही हैं तथा प्लेन सूटिंग की मांग बढ़ रही है। व्यापारियों के अनुसार अब ग्राहक फोन में कलर दिखा कर फैब्रिक मांग रहा है और इससे खुदरा व्यापारियों की लागत बढ़ रही है क्योंकि इन रंगों की हर शेड रखना महंगा सौदा है।

रेयॉन- व्यापारियों का कहना है कि बाजार में लस्टर वाले रेयॉन फैब्रिक की मांग अधिक आ रही है। कोरिया, चीन, जापान से आने वाले लस्टर की अच्छी मांग बताई जा रही है। इस प्रकार के घरेलु बाजार में तैयार फैब्रिक की भी मांग है। वूलन कपड़े की मांग लगभग समाप्त हो गई है जबकि लिनन की मांग सीमित होती जा रही है। कॉटन सूटिंग की मांग है। वैवाहिक सीजन के कारण कॉम्बो पैक की मांग अच्छी है। सीजन को देखते हुए रेमंड, सियाराम आदि ने गिफ्ट पैक में सूटिंग्स की व्यापक रेंज बाजार में उतारी है। व्यापारियों का कहना है कि इस प्रकार के गिफ्ट पैकिंग की मांग बनी हुई है। रेडिमेड गारमेंट में भी सूटिंग की अच्छी मांग बनी हुई है। शर्टिंग में सीमित मांग नहीं हुई। वैवाहिक सीजन को देखते हुए प्लेन व लाईट कलर की मांग अधिक है।

जानकारों का कहना है कि फिलहाल शर्टिंग में मांग कमजोर है लेकिन जल्दी निर्माता आगामी सीजन की तैयारी में जुटने की योजना बना रहे हैं। वैवाहिक सीजन और सिंथेटिक्स साड़ियों की मांग में थोक और खुदरा में मांग में सुधार हो रहा है। जानकारों का कहना है कि वैवहिक अवसरों पर अब लाईट रंगों की मांग अधिक रहने लगी है। लहंगों में भी लाईट रंगों और लाईट वेट की मांग दिनों-दिन बढ़ रही है। लेडीज सूटों की मांग बनी हुई है तथा वैवाहिक सीजन के कारण फैंसी सूटों की मांग अधिक है।कॉटन के सूटों की मांग धीमी पड़ी है लेकिन स्पन, पशमीना आदि का उठाव अच्छा हो रहा है।कॉटन आइटमों में टू बाई टू रुबिया की मांग कमजोर है और इसका स्टॉक फैंसी ब्लाउज ले रहें हैं।लाइनिंग यानि अस्तर की मांग में सुधार हो रहा है। पोपलीन की मांग भी अच्छी है। जानकारों का कहना है कि बाजार में कॉटन के भाव को देखते हुए आगामी दिनों में कॉटन के आइटमों में सुधार की संभावना है। देश में कॉटन का उत्पादन गत वर्ष से अधिक होने का अनुमान है और मिलों की मांग कमजोर होने से अनेक मंडियों में भाव सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी से नीचे आ गए हैं।इससे कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया यानि सीसीआई को बाजार में उतरना पड़ा है और पिछले दिनों तक उसने लगभग 2.50 लाख गांठ (प्रति गांठ 170 किलो) की खरीद की थी।

## भूल ना जाना ०३६

RISHAB WORLD




# काजी नसरूल इस्लाम

(१८९९-१९७६)

**पहले भारतीय** और इसके बाद **बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि नसरूल इस्लाम** का जन्म **पश्चिमी बंगाल** के ग्राम **चुरूलिया** में **बंगाली काजी मुस्लिम** परिवार में हुआ जिन्होंने स्थानीय इबादतगाहों के लिए काम किया।

उन्होंने **ब्रिटिश आर्मी** में प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान अपनी सेवाएं दी, इसके पश्चात् कोलकाता में **जर्नलिस्ट** का काम ब्रिटिश सरकार के समापन तक किया।

उनकी काव्य विधा में **'विद्रोही'** और **'भागंड़ गान'** प्रसिद्ध हुए। इसके साथ ही **धूमकेतु** का सम्पादन किया, जो ब्रिटिश राज्य की समाप्ति एवं स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए प्रकाशित किया जाता था।

उन्होंने कविता, संगीत, कहानियां, उपन्यास और नाटक में विशाल योगदान दिया। इसके अतिरिक्त मानवता, समानता के साथ धार्मिक कट्टरता के खिलाफ संघर्ष किया।

उनके विचार, विश्वास और लेखन शैली जातिवाद से परे एवं कल्पनातीत थी। उन्होंने **गजल से भजन** तक का सफर सफलतापूर्वक किया, जिनमें भाईचारे के संदेश थे।

उन्हें सन् 1960 में भारत सरकार द्वारा **पद्मभूषण** की उपाधि से नवाजा गया और बंगाल के हवाई अड्डे व **तीर्थ** के नाम उनके नाम पर रखा गए।

**बांग्लादेश** के उदय साथ ही उन्हें बांग्लादेश का सर्वोच्च सम्मान **'सिम्बल ऑफ लिबरेशन'** दिया गया व उन्हें **राष्ट्रीय कवि** घोषित किया गया।



HI FABRIQUE INC.®

Corporate Office :
77, Jodh Towers, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027
INDIA. Tel. No : +91 80 40500200
Email : info@hifabrique.com

Mumbai Office :
30/32, Champa Galli Cross Lane, 1st Floor, No.5
Off Kalbadevi Rd,Mumbai - 400002, INDIA.
+91 22 22426585 Email : infomumbai@hifabrique.com

www.hifabrique.com

HI-FABRIQUE H-F BANGALORE®

Venerdi® ITALY

# औद्योगिक जगत की हस्ती एवं सनातन संस्कृति के नायक श्री बंशीलाल जी सोडानी हुए ब्रह्मलीन



**भीलवाड़ा/ मानवता के सच्चे मूल्यों के साथ भगवद् भक्ति, मानव सेवा एवं गौ सेवा के साधक श्री बंशीलाल सोडानी का विगत दिनों स्वर्गवास हो गया। अपने जीवन काल में इन्होंने औद्योगिक जगत एवं सनातन धर्म के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यों में अहम् भूमिका निभाई। सूटिंग फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी घराने सत्कार ग्रुप के संस्थापक श्री बंशीलाल सोडानी अपने पीछे तीन सुपुत्र श्री गोपाल सोडानी, श्री गोविंद प्रसाद सोडानी, श्री शिव कुमार सोडानी तथा सुपौत्र श्री रघुनंदन, श्री जय प्रकाश एवं श्री लखन सोडानी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए।**

## रामधाम के आधार स्तंभ

परम श्रद्धेय **श्री बंशीलाल जी सोडानी** रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट की स्थापना के समय से ही संत सेवा, गौ सेवा, दीन हीन सेवा, रामायण पाठ आदि विभिन्न गतिविधियों में सदैव बढ़-चढ़कर न केवल स्वयं हिस्सा लिया बल्कि अनेक लोगों को इन पुण्य कार्यों से जोड़ा। रामधाम विरक्त आश्रम में सदा से ही भारत वर्ष के उच्च कोटि के संतों का आना जाना रहा है, इन संतो के कार्यक्रमों के रामधाम में आयोजनों में इनकी मुख्य भूमिका रहती थी। प्रायः सभी संत श्री सोडानी को इनके सरल स्वाभाव व संत प्रेमी होने के कारण व्यक्ति गत रूप से जानते थे। रामधाम के मंदिर संचालन, संत सेवा व्यवस्था व गौ सेवा सम्बन्धी व्यवस्थाओं में ये सदैव हित चिंतन में लगे रहते थे।

## जीवन वृत्तांत एवं परिचय

परम पूज्य श्री बंशीलाल सोडानी का जन्म ग्रामीण क्षेत्र महेन्द्रगढ़ में शुभ मिती विक्रम संवत् 1989 मगसर बुदी-6, शनिवार दिनांक 19 नवम्बर, 1932 में हुआ। उनके जन्मदाता श्री रामलाल सोडानी एवं माता सदासुख बाई रहे। जहां से गंगापुर रामनाथ जी सरजू बाई के दत्तक गये। वहां से पिता के संग ही विद्या अध्ययन भीलवाड़ा में ही किया। उस समय मैट्रिक पास किया। वैवाहिक जीवन भीलवाड़ा में बालूराम जी, कंकू बाई पोरवाल की सुपुत्री रामकन्या देवी के साथ हुआ। वे तीन पुत्रों व एक पुत्री के जीवनदाता बने। कपड़े के व्यापार जगत में नीति, कर्तव्य परायणता, निष्ठा के साथ अनेक रिश्तेदारों के साथ व्यापार करते हुए मुख्य रूप से साझेदारी में रहे। जहां पर नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए व्यापार जगत को कर्मस्थली बनाकर अपना योगदान दिया। उस स्थल को उनके मालिक ने निस्वार्थ भाव से न्योछावर किया। व्यवसाय जगत के साथ ही उन्होंने धार्मिक, सामाजिक, व्यवसायिक संगठनों को अपना समय, समर्पण, निष्ठापूर्वक करते हुए सत्संग इत्यादि के साथ निर्माण करवाये। जिसमें लम्बे समय तक महेश शिक्षा सदन में उपाध्यक्ष रहे। रामधाम में गौशाला निर्माण कराया। महात्मा गांधी चिकित्सालय में सद्विचार परिवार के माध्यम से निर्माण कार्य करवाया और वस्त्र नगरी में क्लॉथ मर्चेन्ट एसोसिएशन के माध्यम से शहर के मध्य न्यू क्लॉथ मार्केट के निर्माण में सूत्रधार की भूमिका अदा करते हुए समस्त कार्य श्री मदनलाल अग्रवाल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर नींव के पत्थर से लेकर मार्केट के शुभारंभ तक अपना योगदान दिया। अपने जीवन काल में बेधड़क जी महाराज के साथ रामायण मण्डल की स्थापना 68 वर्ष पूर्व अपने घर से प्रारंभ करके श्री रामधाम मण्डल ट्रस्ट के प्रतिक्षा नन्द जी महाराज के साथ प्राण प्रतिष्ठा में साक्षी रहे। श्री चारभुजा माहेश्वरी मंदिर, जिसको बड़ा मंदिर कहते है। इसके अध्यक्ष भी रहे। अपने जीवन की एक महत्वपूर्ण भूमिका, धर्म के प्रति व्रत-उपवास के 1008 सहस्त्र चन्द्र दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सत्संग के प्रति इतनी निष्ठा रही कि भारत वर्ष के अनेक बड़े से बड़े संतों को आग्रह पूर्वक भीलवाड़ा में रामायण कथा व भागवत कथा के लिए बुलाया और धन संग्रह करते हुए सभी के सामाजिक सरोबार के साथ-साथ आयोजनों को पूर्ण करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। श्री रामचन्द्र डोगरे महाराज, श्री मुरारी बापू, संत श्री रमेश भाई ओझा, संत श्री किशोर जी व्यास जिनको वर्तमान में गोविन्द देव जी कहते है। श्री कमलकिशोर नागर, श्री अनन्त देव जी महाराज सहित अनेक बार चातुर्मास के दौरान संतों को निमंत्रण देकर सत्संग करवाया। जीवन काल में पूरे भारत का भ्रमण हर तीर्थ स्थल 2 से 3 बार स्वयं ने किये और अनेक भक्त ों के साथ यात्राओं का संयोजन किया।

# उद्यमी श्री अजय अजमेरा को प्रतिष्ठित मानद डॉक्टरेट उपाधि से किया गया सम्मानित

**सूरत**




सूरत की अग्रणी टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी 'अजमेरा फैशन' के फाउंडर & सीईओ श्री अजयकुमार नागरमल जैन (अजय अजमेरा के नाम से विख्यात) को कपड़ा उद्योग में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए अमेरिका की प्रसिद्ध 'अमेरिकन ईस्ट कोस्ट यूनिवर्सिटी' द्वारा सम्मानित किया गया।

मीडिया पार्टनर्स - अनमोल टीवी, पुलिस पब्लिक प्रेस और इंडिया वन फाउंडेशन के सहयोग से IndiaOne.Tv द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान उन्हें बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। प्रतिष्ठित सम्मान समारोह 10 दिसंबर को द ललित होटल, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम श्री अजमेरा की उल्लेखनीय उपलब्धियों और टेक्सटाइल इंडस्ट्री में उनके विशेष योगदान का जश्न था। श्री अजय अजमेरा, जो अपने दूरदर्शी नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने अपनी प्रभावशाली नेतृत्व क्षमता से अजमेरा फैशन को अद्वितीय सफलता दिलाई है। यह मानद डॉक्टरेट उनके समर्पण, इनोवेटिव सोच और बिजनेस कम्युनिटी में उनके असाधारण प्रभाव का प्रमाण है।

श्री अजय अजमेरा के नेतृत्व में, अजमेरा फैशन ने न केवल कोरोना जैसी वैश्विक महामारी की चुनौतियों का सामना किया है, बल्कि उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए घरेलू स्तर पर 30 से अधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार भी अर्जित किए हैं।

श्री अजय अजमेरा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साड़ियों के बिजनेस के माध्यम से उन्होंने अब तक 10 हजार से अधिक जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रशंसनीय कार्य भी किया है। अमेरिकन ईस्ट कोस्ट यूनिवर्सिटी से मानद डॉक्टरेट की उपाधि श्री अजय अजमेरा के शानदार करियर में एक और सम्मान जोड़ती है।

# दीपावली का पर्व रहा फीका मगर सर्दी की लहर ने निकाली कसर

**पानीपत/ अशोक शर्मा...** विश्व प्रसिद्ध पानीपत हैण्डलूम और कंबल उद्योग मंडी विगत दो वर्षो से भारी मंदी को झेल रही है। इस बार भी दशहरा और दिवाली पर्व पर काफी मंदी रही। विगत 15 दिनों से सर्दी का असर पड़ा है उससे पानीपत की मंडी के तो भाग जाग गये है। विशेषकर कंबल मार्केट में जबरदस्त भीड़ दिखाई दे रही है। पचरंगा बाजार, चौड़ा बाजार, प्रेम मंदिर बाजार वाली गली, इन्सार चौक आदि प्रमुख बाजारों में इतनी भीड़ है कि पैदल निकलना भी कठिन हो जाता है। ग्राहकों की इस भरमार से उद्योगपतियों और दुकानदारों के चेहरें खिल उठे है। चौड़ा बाजार के प्रधान श्री बवेजा ने बताया कि यह सब परमात्मा की कृपा है। क्योंकि सभी त्यौहार मंद गये है। अब तो कोई उम्मीद ही नही थी मगर कुदरत ने सर्दी की लहर चलाकर पानीपत की मंडी की लहर को भी बढ़ा दिया है। हर छोटां-बडा व्यापारी परमात्मा का धन्यवाद कर रहा है। व्यापारियों और छोटे दुकानदारों के साथ-साथ लेबर की भी अच्छी दिहाड़ी बन रही है उनके चेहरों पर भी खुशी की लहर हैं।

## विस्कोस रेग्युलर आने लगा है त्रिवेणी नेपाल का

**नेपाल**/ हाल ही एजेंट बने श्री बी.जी. झंवर ने बताया कि त्रिवेणी नेपाल दिन-प्रतिदिन भीलवाड़ा में जो सबसे ज्यादा अकाउंट चलते हैं वह बनाने लगी है और व्यापारियों का काफी अच्छा सहयोग मिल रहा हैं। श्री झंवर ने बताया कि वह काफी माल भीलवाड़ा डिपो के अंदर रखते हैं। इस वर्ष के अंदर 2/30 और 2/40 ग्रे विस्कोस स्टॉक में रखने लगे ज्यादातर यह माल सेलवेज के अंदर लगता है वह डिजाइनिंग और पेटर्निंग में लगता है। माल 'स्ह्न के कारण इसको भी अच्छा रिस्पॉन्स बाजार में मिल रहा है। कंपनी ने हाल ही बहुत सारे डाईड में डवलपमेंट कर रही हैं जिसको जनवरी में बाजार के अंदर देने का प्रयास कर रही है।

ankur®
Uniform & Speciality Fabric



SPECIALISED IN ALL KINDS OF
UNIFORMS

ANKUR SUIZ PVT. LTD.
BON SHIRTING PVT. LTD
Manufacturers of all kinds of Uniform Suitings

MILLS: G 27, RIICO Ext.
PUR ROAD, BHILWARA

For Trade Inquiry: 7023022272, 9414114566
Email: bonankur@gmail.com | 01482-260226

Postal Registration No BHILWARA/208/2021-2023 RNI Registration No. 71772/98










# उत्पादन मांग से अधिक होने के कारण कॉटन यार्न पर दबाव

**मुंबई**

कॉटन यार्न की स्थानीय मांग अपेक्षा से अधिक कमजोर रहने और निर्यात बाजार की मांग मानो ठप्प होने से स्पिनिंग मिलों की समस्याएं इन दिनों बढ़ी है। हालांकि भारतीय यार्न की मांग चीन, बांग्लादेश, तुर्की, वियतनाम, श्रीलंका सहित यूरोप के बाजारों में होती हैं। लेकिन इस समय निर्यात कारोबार अच्छा नहीं है। अप्रैल से सितम्बर 2023 के दौरान कॉटन यार्न के निर्यात में 56 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। सदर्न इंडिया मिल्स एसोसिएशन का कहना है कि दक्षिण भारत की स्पिनिंग मिलें स्लोडाउन की समस्या का सामना कर रही है, इसलिए यहाँ की स्पिनिंग मिलें एक सप्ताह तक कॉटन यार्न का उत्पादन बंद करने पर गंभीरता से विचार कर रही हैं।

भारत की कुल स्पिनिंग उत्पादन क्षमता में दक्षिण भारत के तीन राज्यों तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश का हिस्सा 55 प्रतिशत है। ये मिलें पिछले 18 माह से विविध बाह्य परिबलों के कारण मंदी की समस्या से जूझ रही है। इन दिनों 30 काउंट यार्न का बाजार भाव 230 से 235 रू. है, परंतु इसकी लागत 5 से 10 रू. अधिक है। निर्यात में पूछताछ 230 रू के भाव पर है, मिलों को इस भाव पर निर्यात करने में घाटा है। बायर्स की मांग बाजार भाव के नीचे होने से स्पिनिंग मिलें निर्यात करने में असमर्थ है। वैश्विक अर्थव्यवस्था के स्लोडाउन एवं स्थानीय मांग मंद होने के कारण ये मिलें कठिनाइयों में है। यद्यपि कॉटन यार्न में मांग की तुलना में ओवर प्रॉडक्शन होने की रिपोर्ट मिल रही हैं।

रूई के आयात पर 11 प्रतिशत ड्यूटी लगती है, आगे लोकसभा चुनाव होने वाले है, ऐसे में सरकार इसकी ड्यूटी कम करने के बारे में भी नहीं सोच सकती है। दूसरी ओर यार्न, फैब्रिक्स, गार्मेंट और मेडअप्स का निर्यात घटा है। दक्षिण भारत की स्पिनिंग मिलों की मांग है कि बिजली की बढ़ी हुई दरें कम की जाए। आगामी सीजन कॉटन आधारित कपड़ों की होने से उम्मीद है कि वीविंग गतिविधियां बढ़ेगी, तभी कॉटन यार्न की मांग निखरेगी। इस तरह की स्थितियां उभरी है। जहाँ उत्पादन केंद्रों पर कपड़ों का उत्पादन घटकर आधा हो गया था, वहाँ अब उत्पादन बढ़ने लगा है और श्रमिकों की कमी दूर हो रही हैं। इसलिए आगामी दिनों में उत्पादन गतिविधियाँ बढ़ेंगी।

अभी बाजार में कॉटन यार्न का भाव लागत के करीब मिल रहा है। लेकिन जैसे ही बाजर में यार्न की भाव थोड़ी भी बढ़ती है, वैसे ही बाजार मजबूत होने लगता है। कुछ समय से स्थानीय मांग थोड़ी बढ़ी है, लेकिन निर्यात में कारोबार कम होने से इसका सपोर्ट बाजार को नहीं मिल रहा है। कारण कि स्पिनिंग मिलों के पास अधिक स्टॉक होने से मिलें बिकवाल है। सिर्फ कॉटन यार्न में इस तरह की स्थिति नहीं है, बल्कि अन्य सिंथेटिक्स यार्न की मांग भी कमजोर है, जबकि मैनमेड फाइबर और फिलामेंट महंगा है। वीवर्स को जैसे ही उनके कपड़ों का उचित भाव मिलना शुरू हो जाएगा, वैसे ही यार्न की मांग भी बढ़नी शुरू होगी और स्पिनिंग मिलों में यार्न का उत्पादन बढ़ सकता है।




# मीडियम एवं डार्क शेड्स फैब्रिक्स, वैल्यू एडेड प्रॉडक्ट, फैंसी फैब्रिक्स, जैकार्ड तथा डिजिटल प्रिंट इत्यादि में थोड़ी बहुत मांग

**मुंबई**

कपड़ा बाजार में वैवाहिक सीजन के दौरान इस बार कपड़ों में कारोबार और ग्राहकी बहुत अच्छी नहीं रही है। देसावरों एवं कपड़ा मंडियों में इसे लेकर जरूर उत्साह रहा है। बाजार में फिनिश कपड़ों का भरपूर स्टॉक होने तथा सभी जगह बिकवाली का भारी दबाव रहने से कुछ नई वैरायटी की मांग ठीक रही है। इस बार कपड़ों में कारोबार उम्मीद के विपरीत रहा है। यद्यपि उत्पादकों ने सीजन को ध्यान में रखते हुए अनेक वैरायटी बाजार में उतारी थी और उम्मीद थी कि कपड़ों का कारोबार बड़े पैमाने पर होगा। इस तरह का अनुमान स्वाभाविक भी था क्योंकि वैवाहिक सीजन की ग्राहकी लंबी अवधि की है।

14 दिसम्बर से 14 जनवरी तक खरमास होने से मांगलिक कार्य नहीं है। वैवाहिक सीजन का पहला दौर समाप्त हो चुका है। 16 जनवरी से दूसरा दौर शुरू होगा, तब जनवरी और फरवरी माह में सबसे अधिक मुहूर्त है। लेकिन मार्च और अप्रैल में मुहूर्त बहुत कम है। मई में अक्षय तृतीया पर भी कोई लग्न नहीं है तथा जून में शादियाँ नहीं है। इस तरह जनवरी मध्य से लेकर अप्रैल तक ही शादियाँ हो सकती है तथा जुलाई माह में लग्न मुहूर्त है। तक कमजोर रूख है।

हकीकत में वैश्विक मांग कमजोर होने के कारण टेक्सटाइल उद्योग पिछले करीब एक वर्ष से कई तरह की समस्याओं से घिरा है। कामकाज बढ़ा है, लेकिन किसानों को उनकी उपज की उचित कीमत नहीं मिलने से सरकारी एजेंसियों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के लिए उतरना पड़ा




अनुमान वेडिंग सीजन में कपड़ों में कारोबार 10 हजार करोड़ रू. से अधिक का होने के बावजूद कपड़ों में अपेक्षानुरूप कारोबार नहीं होने के कारण उत्पादन से लेकर प्रोसेस पावरलूम इकाइयों में क्षमता से कम उत्पादन होने पर स्टॉक अधिक है। कॉटन यार्न बनाने वाली मिलों की परेशानी बढ़ी है, कपास की आवक अधिक है। जिनिंग इकाइयों में है। मिलों की उन्नत वैरायटी और नये उत्पादों में स्टॉक की मांग है, लेकिन रिटेल बाजार में ग्राहकी अच्छी नहीं रहने से यहां भी कारोबार कम हो गया है।

# सूती ग्रे के भाव मजबूत तथा कॉटन यार्न में उछाल

सूती ग्रे कपडों की मांग में बहुत तेजी नहीं है। तकरीबन सभी वीवर्स अनसोल्ड स्टॉक से परेशान है। इससे भिवंडी में वीवर्स को लागत से कम भाव पर कपड़ों को बेचने के लिए बाध्य होना पड़ रहा हैं। कॉटन यार्न के भाव में हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण वीविंग इकाइयों की उलझनें बढ़ी है। इकाइयां पूरी क्षमता के साथ कार्य करने के लिए संघर्ष कर रही है। यदि कपड़ों की मांग जल्दी नहीं सुधरी तो टेक्सटाइल क्षेत्र में स्पिनिंग इकाइयों को इस वर्ष भी चुनौतियों से गुजरना पड़ सकता है। इसमें साउथ की स्पिनिंग इकाइयों से लेकर गुजरात की इकाइयाँ शामिल है।

भिवंडी, मालेगांव और इचलकरंजी में सूती ग्रे कपडों का उत्पादन धीरे-धीरे बढ़ रहा है। भिवंडी में उत्पादन तकरीबन 60 प्रतिशत क्षमता के साथ होने लगा है। लूमों पर कारीगरों की कमी नहीं है। प्रोसेस हाउस में कामकाज घटने से सप्ताह में चार दिन ही कामकाज हो रहा है। कारीगरों की कमी के साथ प्रोग्राम में देरी इसका प्रमुख कारण है। आगे गरमी के लिए सूती कपड़ों और स्कूल यूनिफॉर्म की मांग रहेगी। इसलिए स्टाइलिश तथा फैशनेबल शर्टिंग-सूटिंग की मांग में भारी वृद्धि को देखते हुए सूटिंग-शर्टिंग निर्माता न केवल अपनी क्षमता, बल्कि मार्केटिंग नेटवर्क को मजबूत कर रहें हैं। इसमें मिलों के कपड़ों की मांग अधिक रहने वाली है।

अभी समर सीजन होने से मीडियम एवं डार्क शैड्स कपड़ों की मांग है। साथ ही वैल्यू एडेड प्रॉडक्ट, फैंसी फैब्रिक्स, जैकार्ड और डिजिटल प्रिंट अच्छा चल रहा हैं। समर सीजन को देखते हुए सूटिंग-शर्टिंग निर्माताओं का जोर डीलर मीट में अपनी यूनिक डिजाइंस, कलर एवं कलेक्शन पेश करने की है। नई फैब्रिक रेंज प्रदर्शित कर अधिक ऑर्डर लेकर तद्नुरूप आगे बढ़ने की रणनीति मिलों की है। प्रीमियम गीजा कॉटन शर्टिंग में डॉबी, चैक्स, स्ट्राइप्स, प्रिंट और जैकार्ड की मांग है। अनुसंधान पर जोर देने और ग्राहक केंद्रित अच्छी क्वालिटी के कपड़ों को बाजार में उतार रही मिलें एवं इकाइयां हाल ही अच्छी पोजिशन में लग रही हैं।

घरेलू उपभोक्ताओं के साथ निर्यात बाजार के लिए रूई और कपड़ों की अच्छी क्वालिटी सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार की देशभर में प्रयोगशालाएं शुरू करने की योजना है, जो भारतीय मानक ब्यूरों के साथ मिलकर काम करेंगी। 60 से 70 लाख डॉलर निवेश के साथ इसे मंजूरी दी जाएगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रहे श्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रयोगशालाओं के लिए 100 प्रतिशत वित्त पोषण केंद्र सरकार करेंगी। इस पर कपड़ा मंत्रालय और उपभोक्ता मामलात मंत्रालय के साथ चर्चा हुई हैं। इसका प्रमुख उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसी प्रयोशगालाओं के माध्यम से गुणवत्तापरक उत्पाद तैयार करना है।

स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36-ए, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। **संपादक-योगेन्द्र शर्मा।**


SINCE 1963
Gini FABRICS
'STITCHED DIFFERENTLY'
WEDDING
COLLECTION
CHOOSE FROM OUR EXCLUSIVE SHIRTING, SUITING & GIFTING FABRICS
Cotton | Hemp | Bamboo | Linen | Lyocell | Gini Whites | Khushboo | Aqua | Glacier | Ever Fresh
+ 912240750601
sales@ginitex.com (Domestic)
umesh@ginitex.com (International)
GINI TEX PRIVATE LIMITED:
413, Tantia Jogani ind Premises,
Sitaram Mill Compound, Near Lodha Group,
N.M Joshi Marg, Lower parel (E),Mumbai 400011.
/ginifabricsofficial/
/ginifabricsofficial
/company/ginifabrics/
linkedin
facebook
instagram
FOR TRADE ENQUIRIES
Sudhir Agencies (India) 6th Ganesh Wadi, 4th Floor, Mumbai - 400 002. Sudhir Bachhawat - 9819343909,
Jitender Bachhawat - 9930031999, Rajendra Malpani - 9819977707, Neeraj Vaid - 9322245369.


Sangam®
SUITINGS
YOU ARE WHAT YOU WEAR
Sangam
Value through values
spunshades
by Birla Cellulose
SANGAM (INDIA) LTD. Atun,
Chittorgarh Road, BHILWARA - 311001 (Raj.) India


RISHAB WORLD
Finest Fashion Fabrics
D&J
www.donandjulio.com
DonandJulio
Don & Julio
Call at +91 93219 14004 or email at crm@rishabworld.com

# जालान सिंथेटिक्स की 50 वर्षों की सफल यात्रा के जश्न में मची धूम

## 150 से अधिक फैब्रिक निर्माताओं ने किया डिस्प्ले

## सूटिंग-शर्टिंग से लेकर साड़ी, ड्रेस मटीरियल, धोती, रेडिमेड की कराई रिटेलर्स ने बुकिंग










**वाराणसी/** वर्ष 1974 में स्व. श्री दीनदयाल जालान द्वारा जालान सिंथेटिक्स की स्थापना एक छोटे से पौधे के रूप में की गई, जो आज 50 वर्षों की सफल यात्रा में निरन्तर आगे बढ़ता जा रहा है। इस सफल यात्रा को अपने सभी व्यापारी भाइयों के साथ उत्सव के रूप में मनाते हुए 11 व 12 दिसंबर 2023 को बनारस बीड्स कर्नावती शहाबाबाद, रोहनिया, वाराणसी में भव्य आयोजन किया गया। इस सफल आयोजन का शुभारम्भ परम पूज्य संत श्री मूरारी बापू ,जालान सिंथेटिक्स के डायरेक्टर श्री केशव जालान, सियाराम सिल्क मिल्क के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रमेश पौद्दार, डोनियर इण्डस्ट्रीज लि. के डायरेक्टर श्री अजय अग्रवाल की उपस्थिति में गणेश वंदना एवं दीप प्रज्वलित कर की गई।

इस दौरान श्री जालान ने कहा कि आज हम गर्व से कह सकते है कि हमारा वस्त्र उद्योग 50 वर्ष पूर्ण कर रहा है और इस सफर में हमने नई ऊँचाइयों की ओर कदम बढ़ाते हुए नए संकल्प के साथ आगे बढ़ते जा रहे हैं। यह सही समय है जब हम सभी उद्यमियों, व्यापारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों के साथ मिलकर पिछले पांच दशकों से हमारे व्यापार को उन्नति की ऊँचाइयां प्राप्त हुई हैं।






**सूरत ड्रीम्स ने किया आयोजित...** इस संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रसिद्ध इवेंट कंपनी सूरत ड्रीम्स द्वारा आयोजित की गई जो वाकई में देखने लायक थी। सूरत ड्रीम्स की जितनी तारीफ की जाए उतनी ही कम है।








### रिटेलर्स का लगा तांता

इस शुभ अवसर पर जालान सिंथेटिक्स के सभी रिटेलर्स ने सपरिवार शिरकत की। साथ ही उत्तरप्रदेश के लगभग सभी छोटे-बड़े शहरों, गांव से व्यापारियों ने भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इस दौरान लगभग 5000 से अधिक रिटेलर्स ने बुकिंग कराई।















डोनियर इण्ड. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अजय अग्रवाल ने जालान सिंथेटिक्स के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि हमारे द्वारा डोनियर व मयूर के सभी उत्पादों का भव्य डिस्प्ले किया गया जिसकी हमें भरपूर बुकिंग मिली। इस दौरान मयूर ब्राण्ड के वाइस प्रेसीडेंट, सेल्स एण्ड मार्केटिंग श्री ए.के.सिंह ने बताया कि मयूर शर्टिंग, टीआर, नियो सुपर स्ट्रेच को बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला। मयूर ब्राण्ड जालान सिंथेटिक्स से लगभग 35 वर्षों से जुड़ा हुआ है। इस दौरान हमारे द्वारा वियतनाम की स्कीम भी लॉन्च की गई, जिसमें काफी रिटेलर्स ने रूचि दिखाई एवं जुड़े भी हैं।

**श्री अजय अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर, डोनियर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड**

हम वर्षों से जालान सिंथेटिक्स के साथ व्यापार कर रहे हैं। इस अवसर पर हमारे द्वारा शर्टिंग फैब्रिक के साथ-साथ रेडीमेड ब्राण्ड मोन्टेरो का भी डिस्प्ले किया गया जिसमें हमें भरपूर रिस्पॉन्स मिला। जालान सिंथेटिक्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में रिटेलर्स ने जमकर बुकिंग भी कराई।

**श्री रमेश गाडोदिया**
**डायरेक्टर, गाडोदिया सिन्टेक्स**

हम पिछले एक वर्ष से जालान सिंथेटिक्स के साथ जुड़े हुए हैं। परंतु जुड़ने के बाद लगा कि इनका नेटवर्क बहुत स्ट्रॉग है। आज लगभग 5000 रिटेलर्स का आना बहुत बड़ी बात है। हमने हमारे उत्पादों का अच्छा डिस्प्ले किया, साथ ही शर्टिंग एवं एथनिक की रेंज पर जोर देते हुए रिटेलर्स ने बुकिंग भी कराई।

**श्री अंकित जैन**
**डायरेक्टर, मुकुटमणी क्रिएशन**

हमारा ब्राण्ड जुबली धोती जालान सिंथेटिक्स के साथ बहुत वर्षों से जुड़ा हुआ है। जब से बाजार में धोती का चलन बढ़ता जा रहा है हमारे उत्पाद बहुत लाजवाब हैं। हम हर प्रकार की धोती का उत्पादन करते आ रहे हैं। इस कार्यक्रम के दौरान हमारे उत्पादों का फैशन देखने लायक था। जालान सिंथेटिक्स के डायरेक्टर श्री केशव जालान ने हमारे उत्पादों को अपने संस्थान में जगह दी और इन 50 वर्षों में हमें बहुत अच्छी सेल मिल रही है।

**श्री राजेन्द्र गोडावत**
**चेयरमैन, जुबली इण्ड. माधवनगर**

हमारा ब्राण्ड ट्रूवेल्यू एवं ट्रूलिनन जालान सिंथेटिक्स के साथ वर्षों से जुड़े हुए हैं। इस दौरान हमारे द्वारा सूटिंग-शर्टिंग के साथ-साथ टीआर की रेंज का भी भव्य डिस्प्ले किया गया, जिसमें रिटेलर्स ने जमकर बुकिंग भी कराई।

**श्री अभय कुमट**
**डायरेक्टर, कामदगिरि फैशन**

विजय लक्ष्मी ग्रुप जालान सिंथेटिक्स के साथ वर्षों से कार्य कर रहा है। हमारे द्वारा टेरी रूबिया, ड्रेस मटीरियल का उत्पादन डिमाण्ड के साथ किया जाता है। इस दौरान हमारे द्वारा भव्य डिस्प्ले किया गया जहां रिटेलर्स ने जमकर बुकिंग कराई। दो दिन का यह कार्यक्रम वाकई में लाजवाब था।

**श्री सज्जन कवाड़**
**डायरेक्टर, विजयलक्ष्मी ग्रुप**

जालान सिन्थेटिक्स के सहयोगी श्री पारस बरमन ने सभी रिटेलर का स्वागत करते हुए सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से हमने 50 वर्षों की इस सफल यात्रा से जालान परिवार ने एक पौधे को वटवृक्ष के रूप में स्थापित किया है।

**150 से अधिक उत्पादकों ने किया डिस्प्ले...** इस 50 वर्षों के इस शानदार अवसर पर 150 से ज्यादा शहरों जैसे सूरत, मुम्बई, जयपुर, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, कोलकाता, इरोड़, दिल्ली, इचलकरंजी, माधवनगर के बड़े कपड़ा उत्पादकों द्वारा अपने उत्पादों का भव्य डिस्प्ले किया गया। इस अवसर पर सूटिंग-शर्टिंग, साड़ी ड्रेस मटीरियल, रेडीमेड, धोती, पोपलीन, टेरीरूबिया का भव्य डिस्प्ले कर बुकिंग की गई।



**सभी का धन्यवाद...** जालान सिंथेटिक्स के युवा डायरेक्टर श्री अभिषेक जालान ने कहा कि इस सफल यात्रा के लिए हमारे सभी रिटेलर्स का अहम् स्थान है। उनका हम पर विश्वास बना हुआ है। तब ही हमारे साथ 50 वर्षों से जुड़े हुए है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का दिल से धन्यवाद करना चाहता हूँ।






### फैशन शो एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा आकर्षण का केंद्र

इस दौरान साड़ी के अनेक व्यापारियों द्वारा फैशन शो का कार्यक्रम भी किया गया। जिसमें अलग-अलग डिजाइनर साड़ियों से लेकर लहंगा, चुनर की साड़ियों का कलेक्शन फैशन शो में मॉडल्स द्वारा देखने को मिला। साथ ही इचलकरंजी माधवनगर की प्रसिद्ध धोती निर्माता कंपनी जुबली का फैशन शो देखकर व्यापारी मंत्र मुग्ध हो गए। इस आयोजन में देश के प्रसिद्ध कलाकार सपना चौधरी ने अपने जलवे बिखेरना शुरू किया तो व्यापारियों तालियो की गड़गड़ाहट के साथ अभिवादन किया। सपना चौधरी ने हरियाणवी गानों पर जमकर ठुमके लगाए। अगले दिन 12 दिसंबर को प्रसिद्ध बॉलीवुड कलाकार ईशा गुप्ता ने अपने ही अंदाज में सभी व्यापारियों का मन मोह लिया। ईशा गुप्ता ने रैंप वॉक ही नहीं बल्कि काशी विश्वनाथ की जयकार अपने ही अंदाज में की।

## बीते कल को सलाम

# D&J फाउण्डेशन एवं रोटरी क्लब मुंबई के संयुक्त तत्त्वावधान में पद्मश्री श्री कार्तिकेय वी साराभाई का सम्मान




श्री कार्तिकेय वी साराभाई को पर्यावरण शिक्षा के उत्कृष्ट कार्य के लिए 2012 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया

**मुंबई**

देश के प्रतिष्ठित टेक्सटाइल उद्योग समूह **'रीषभ वर्ल्ड'** ने समाज और देश में एक नया संदेश देने के उद्देश्य से 'बीते कल को सलाम' मुहीम की शुरूआत की।

**'बीते कल को सलाम'** कार्यक्रम के तहत् उन लोगों को याद करना हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से देश और समाज के लिए कार्यरत है। रीषभ वर्ल्ड के चेयरमैन श्री रमेश जैन का कहना है कि कम चर्चित लोग भी काबिले तारीफ है। उन लोगों की पर्सनैलिटी की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। डी एण्ड जे फाउण्डेशन **'बीते कल को सलाम'** के तहत् अभी तक कई विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित कर चुके हैं। इसी क्रम में 5 दिसंबर को पद्मश्री कार्तिकेय वी साराभाई को सम्मानित किया गया। डी एण्ड जे फाउण्डेशन एवं रोटरी क्लब मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में डी एण्ड जे फाउण्डेशन के ट्रस्टी श्री रमेश जैन, रीषभ वर्ल्ड के प्रबंध निदेशक श्री रीषभ जैन साथ ही गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का संचालन श्री आर जे गौरव ने किया।

इस अवसर विशेष में पद्मश्री कार्तिकेय वी साराभाई ने अपनी यात्रा से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कपड़ा उद्यमी दादा तथा भौतिक विज्ञान से जुड़े पिता मेरी यात्रा के मार्गदर्शक रहे हैं। उन्हीं की प्रेरणा से मुझे पर्यावरण शिक्षक के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। साथ ही विश्व में चल रहे पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के मुद्दों से अवगत कराया। अन्त में इस खूबसूरत आयोजन और आतिथ्य के लिए 'बीते कल को सलाम' की इस मुहीम के लिए सभी का हार्दिक आभार ज्ञापित किया।



A Leading Brand in Suiting Fabrics Manufacturing
SUDHIR®
SUITINGS & SHIRTINGS
WE MAKE SOMETHING BETTER
TRADE INQUIRY FOR
Finish Dealer & Distributor, Export
Mill Programe, Mix & Match, Garment Fabric
98295-70592 , 94141-12917
SUDHIR SYNTHETICS PVT. LTD.
Add.: E-194-b Riico 3rd Phase, Bhilwara, Rajasthan 311001
Gmail: sudhirsuiting@gmail.com

# निजामाबाद के कपड़ा व्यापारी श्री धनपाल सूर्यनारायण बने भाजपा के विधायक










**निजामाबाद / जुगल किशोर झंवर**

गत 70 वर्षो से कपड़े के व्यापार में संलग्न श्री धनपाल विठ्ठल के सुपुत्र श्री धनपाल सूर्यनारायण निजामाबाद (तेलंगाना) से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर त्रिकोणीय मुकाबले में कांग्रेस और सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति के प्रत्याशियों को पछाड़कर 15000 से अधिक वोटों के भारी बहुमत से विजयी हुए हैं। आपके अभी निजामाबाद में किसान फैशन मॉल, आकृति, स्वयंवर जैसे तीन-चार बड़े-बड़े शोरूम सहित कामारेड्डी सिकंदराबाद, निर्मल, कोरटला सहित महाराष्ट्र के नांदेड़ में किसान शॉपिंग मॉल, आकृति एवं परभनी में बड़े-बड़े शोरूम हैं। अत्यंत ही परोपकारी, दानवीर, सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी श्री धनपाल सूर्यनारायण का जन्म 12 मई 1958 को हुआ। आप 1984- 2014 तक विश्व हिन्दू परिषद् के अध्यक्ष रह चुके हैं। आपने यूएचपी का उस दौर में 3500 फीट का निर्माण करवाया। आप निजामाबाद रिटेल क्लॉथ मर्चेन्ट एसोसिएशन के 9 वर्ष अध्यक्ष रह चुके है। आप सरस्वती शिशु मंदिर सहित नगर की सैकड़ों धार्मिक संस्थाओं को उदार हस्त से धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मंदिरों के निर्माण रख-रखाव में सहयोग के साथ कार्यकर्ताओं को भी कई वर्षों से सहयोग करते आए हैं।

आपके घर से कोई खाली नहीं जाता। आप लक्ष्मी मंदिर निर्माण में विशेष सहयोगी के साथ मंदिर के चेयरमैन भी हैं। आपने 3 वाटर टैंकर भी जनता को पेयजल हेतु दान किये है साथ ही एक शववाहिनी स्वर्ग यात्रा रथ भी 2015 से कार्यरत है। कोविड जैसी महामारी में आपने ना केवल नगरवासियों का मुक्त हस्त से सहयोग किया अपितु प्रधानमंत्री सहायता कोष में भी 5 लाख रू. का दान दिया है। आपका निवास शहर के मध्य स्थित मारवाड़ी गली में ही है। आपके तीन सुपुत्र श्री उदय धनपाल, श्री प्रणय धनपाल एवं डॉ. विनय धनपाल और सुपुत्री डॉ. श्रावंती चिद्रावार दन्त चिकित्सक है। आपका शहर के मध्य सनशाइन नाम से बहुमंजिला सुपर मल्टी स्पेशलिस्ट दवाखाना है। जहाँ हर प्रकार का इलाज बहुत ही उचित, बिना लोभ के किया जााता है।

नाम के अनुरूप आप ही नहीं आपकी सौभाग्यवती धर्मपत्नी मणिमाला जी सदैव अतिथि सत्कार में तत्पर एवं धर्म पारायण है। साथ ही तीनों सुपुत्र एवं बहुएँ मिलनसार, मृदुभाषी, व्यवहारकुशल एवं सेवाभावी है। सभी संस्थानों में हजारों लोगों को रोजगार प्रदान करने वाले परिवार में किसी को भी अभिमान नही है। पूरा मिलनसार परिवार है। सभी नगरवासी आपकी जीत से खुश हैं। नगरवासियों को उम्मीद है कि एक नई तस्वीर उभरकर आाएगी।










